रोहतक
सोमवार, 1 दिसंबर 2025
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 302
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 26.2
न्यून. 5.7




## मन की बात का 128वां एपिसोड

# नए साल की खरीदारी में वोकल फॉर लोकल अपनाएं कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलना शानदार : मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 128वें एपिसोड में रविवार को भारत में खेलों की प्रगति, विंटर टूरिज्म, वोकल फॉर लोकल के साथ ही वाराणसी में होने वाले काशी-तमिल संगमम का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय खेलों के लिए यह महीना शानदार रहा। शुरुआत महिला टीम की आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीत से हुई। भारत को कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी का भी ऐलान हुआ। टोक्यो में हुए डेफ ओलिंपिक्स में भारत ने रिकॉर्ड 20 मेडल जीते। महिला कबड्डी टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा और बॉक्सिंग कप में भी भारत ने 20 मेडल हासिल किए। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' पर सेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर पूरे देश में होने वाले कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई।



- नौसेना तेजी से आत्मनिर्भर बन रही, देश अब स्वदेशी उत्पादों को अपना रहा
- महिला कबड्डी टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा

### नेताओं को दिए भारतीय शिल्प के उपहार

पीएम ने कहा कि वे हमेशा वोकल फॉर लोकल की बात करते हैं। जी-20 में भी उन्होंने यही भावना रखकर विदेशी नेताओं को भारतीय शिल्प के उपहार दिए। दक्षिण अफ्रीका को नटराज प्रतिमा, कनाडा को चांदी का अश्व, जापान को चांदी के बुद्ध, इटली को सिल्वर मिरर और ऑस्ट्रेलिया को ब्रास उरली। उन्होंने कहा कि देश अब स्वदेशी उत्पादों को अपना रहा है, दुकानदारों और युवाओं ने भी इसे अपनाया है। उन्होंने त्योहार और नए साल की खरीदारी में भी वोकल फॉर लोकल अपनाने की अपील की।

### आईएसएस माहे का स्वदेशी डिज़ाइन चर्चा में

पीएम ने कहा कि भारत की सुरक्षा मजबूत होने पर हर नागरिक गर्व महसूस करता है। हाल ही में आईएसएस माहे को नौसेना में शामिल किया गया। इसका स्वदेशी डिजाइन चर्चा में रहा और पुडुचेरी-मालाबार के लोग इसके नाम से खुश हुए, क्योंकि यह ऐतिहासिक जगह माहे पर आधारित है। इसके क्रेस्ट में उरुमी और कलारिपयट्टू की पारंपरिक तलवार जैसी झलक है। पीएम ने बताया कि नौसेना तेजी से आत्मनिर्भर बन रही है। 4 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाएगा।

### उत्तराखंड में विंटर टूरिज्म बढ़ रहा

पीएम ने कहा कि सर्दियों के साथ ही विंटर टूरिज्म का मौसम भी शुरू हो गया है। कई देश स्कीइंग, स्नो-ट्रेकिंग और विंटर फेस्टिवल से बड़ी कमाई करते हैं। भारत में भी पहाड़, संस्कृति और एडवेंचर की पूरी क्षमता है। उत्तराखंड का विंटर टूरिज्म तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, खासकर औली, मुनस्यारी, चोपटा और डेयारा।

# कोहली ने रचा इतिहास सचिन का तोड़ा रिकॉर्ड

**रांची (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका के साथ खेले गए पहले वनडे मैच में विराट कोहली ने अपने वनडे करियर का 52वां शतक लगाकर सचिन के 51 शतक का रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रच दिया। वे अब किसी एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। वहीं, रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का माइलस्टोन अपने नाम किया। यही नहीं, रोहित-विराट की जोड़ी अब भारत के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली जोड़ी भी बन गई। रोहित ने पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी के 351 छक्कों के वर्ल्ड रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया कीर्तिमान बना दिया।

(विस्तृत खेल पेज पर)




**रोहित सबसे ज्यादा वनडे सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी**

**रोहित और विराट सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली भारतीय जोड़ी**

## खबर संक्षेप

### डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से 2 करोड़ रुपये की ठगी



**नई दिल्ली।** हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने एक और डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी का खुलासा किया है। ठगों ने शहर के 71 साल के एक वरिष्ठ नागरिक से 1.92 करोड़ रुपए ऐंठ लिए। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ने बताया कि कुछ लोगों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर उन्हें धमकाया और पैसे जमा करवाए। ठगों ने पीड़ित को फोन कर डराया।

### एमसीडी उपचुनाव में 31.3 प्रतिशत मतदान



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्ड के लिए रविवार को हुए उपचुनाव के दौरान मतदान धीमा रहा और शाम चार बजे तक कुल 31.3 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी। मतदान सुबह साढ़े सात बजे शुरू हुआ था। कुल 12 वार्ड में हुए मतदान के दौरान चांदनी महल में सर्वाधिक 41.95 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

### नहीं रहे जाने-माने कन्नड़ अभिनेता उमेश



**बेंगलुरु।** जाने-माने कन्नड़ अभिनेता मैसूर श्रीकांतैया उमेश का लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 80 वर्ष के थे। परिजनों ने बताया कि अभिनेता लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे और उन्हें हाल में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार बनशंकरी श्मशान घाट पर किया गया।

### महाराष्ट्र : लड़की ने प्रेमी की लाश से की शादी

**नांदेड़।** महाराष्ट्र में प्रेम संबंध के चलते एक युवक की लड़की के घरवालों ने बेरहमी से हत्या कर दी। इसके बाद लड़की युवक के घर गई और प्रेमी के मृत शरीर से शादी कर ली। प्रेमी के हाथों से ही माथे पर सिंदूर लगाया और उसके घर में बहू बनकर रहने की कसम खाई। यह घटना नांदेड के इटवारा इलाके की है। प्रेमी के हत्यारों अपने पिता और भाइयों के लिए मौत की सजा मांगते हुए प्रेमिका ने कहा कि उसकी मौत में भी हमारा प्यार जीत गया और मेरे पिता और भाई हार गए। प्रेमिका ने आगे कहा कि उसने उससे शादी इसलिए की, क्योंकि भले ही सक्षम मर चुका है, लेकिन उसका प्यार अभी भी जिंदा है।

# ठिठुरन बढ़ी, हिसार @ 5.7



## प्रदेश में आज से चलेगी शीतलहर न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री गिरा

**हिसार/नारनौल (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश में एक दिसंबर से शीत लहर चलने का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ों पर हुई ताजा बर्फबारी के बाद हवाएं फिर से उत्तर-पश्चिमी हो जाएंगी, इसके कारण नमी बढ़ेगी और ठंड का एहसास होगा। वहीं सुबह के समय कुछ इलाकों में हल्की धुंध भी छा सकती है। हरियाणा में नवंबर में बेहद कम बारिश हुई है और बारिश को लेकर 25 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। आईएमडी की रिपोर्ट के अनुसार, हरियाणा में ठंड ने दस्तक दे दी है। राज्य के औसत न्यूनतम तापमान में पिछले दिन के मुकाबले 1.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है, जो सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस कम है।

### हिसार सबसे ठंडा

हिसार राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस कम है। इसके अलावा चंडीगढ़ में 7.5 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस कम) और करनाल में 5.9 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस कम) तापमान रहा।

### सामान्य से 2 डिग्री नीचे यानी शीतलहर का अलर्ट

नारनौल और सिरसा में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस से अधिक नीचे दर्ज किया गया, जो शीत लहर जैसी स्थिति का संकेत देता है। अंबाला एकमात्र ऐसा शहर रहा जहाँ न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

# नेशनल हेराल्ड केस : सोनिया और राहुल पर नई एफआईआर

## ईडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने दर्ज किया केस

*नई एफआईआर में सोनिया-राहुल के साथ-साथ छह अन्य लोग और तीन कंपनियों के नाम शामिल हैं। इनमें एजेएल, डोटेक्स मर्चडाइज और यंग इंडिया शामिल हैं।*

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली पुलिस ने नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह कार्रवाई एजेंसी की धन शोधन जांच का हिस्सा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पार्टी के शीर्ष नेताओं ने 'निजी लाभ' के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने तीन अक्टूबर को सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सात अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी।

पुलिस ने प्राथमिकी में भारतीय दंड विधान की धारा 120बी (आपराधिक षड्यंत्र), धारा 403 (संपत्ति का दुरुपयोग), धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात के लिए दंड) और धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत आरोप लगाए हैं, जिसमें गांधी परिवार, कांग्रेस नेता सुमन दुबे और सैम पित्रोदा के अलावा यंग इंडियन (वाईआई) और डोटेक्स मर्चेंडाइज लिमिटेड जैसे प्रतिष्ठानों, डोटेक्स के प्रवर्तक सुनील भंडारी, एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और अन्य अज्ञात लोगों के नाम शामिल हैं। अप्रैल में दिल्ली की एक अदालत में दाखिल ईडी के आरोपपत्र में भी इन प्रतिष्ठानों का नाम आरोपी के तौर पर दर्ज है। अदालत ने अभी तक इस पर संज्ञान नहीं लिया है और अगली सुनवाई 16 दिसंबर को निर्धारित है।

- 2010 में एजेएल के पास 2000 करोड़ की संपत्ति थी
- यंग इंडिया ने 50 लाख रुपये चुकाकर एजेएल पर नियंत्रण बनाया
- यंग इंडिया में राहुल और सोनिया की 76% हिस्सेदारी

### क्या है नेशनल हेराल्ड मामला



भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में एक याचिका दाखिल करते हुए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे पर घाटे में चल रहे नेशनल हेराल्ड अखबार को धोखाधड़ी और पैसों की हेराफेरी के जरिए हड़पने का आरोप लगाया था। आरोप के मुताबिक, कांग्रेसी नेताओं ने नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों पर कब्जे के लिए यंग इंडियन लिमिटेड ऑर्गेनाइजेशन बनाया और उसके जरिए नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन करने वाली एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) का अवैध अधिग्रहण कर लिया। स्वामी का आरोप था कि ऐसा दिल्ली के बहादुर शाह जफर मार्ग स्थित हेराल्ड हाउस की 2000 करोड़ रुपये की बिल्डिंग पर कब्जा करने के लिए किया गया था। स्वामी ने 2000 करोड़ रुपये की कंपनी को केवल 50 लाख रुपये में खरीदे जाने को लेकर सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत केस से जुड़े कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने की मांग की थी। आरोपियों में से मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीज की मौत हो चुकी है।

'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की जोड़ी'' उसके नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न, धमकी और प्रतिशोध की राजनीति जारी रखे हुए है। 'नेशनल हेराल्ड' का मामला पूरी तरह फर्जी है और आखिरकार न्याय की जीत होगी। *-जयराम रमेश , कांग्रेस नेता*

वे कानून से ऊपर नहीं हैं। अगर आरोप हैं, तो एजेंसियां उसी हिसाब से अपनी जांच करेंगी। दोषी कोई भी हो जांच एजेंसियां अपना काम करती रहेंगी। *-रामदास अठावले, केंद्रीय मंत्री*

### कब क्या हुआ

**1938** में नेहरू ने नेशनल हेराल्ड अखबार शुरू किया

**2008-10** में आर्थिक संकट के कारण अखबार बंद करना पड़ा

**2010** में कांग्रेस ने यंग इंडिया कंपनी बनाई। एजेएल का कर्ज लेकर उसकी मालिक बन गई

**2012** में सुब्रमण्यम स्वामी ने कोर्ट में शिकायत दर्ज करवाई

**2014** में कोर्ट ने सोनिया और राहुल समेत छह को समन भेजा, ईडी ने गांधी परिवार से 2022 में पूछताछ की

**2023-24** में ईडी ने संपत्ति को जब्त करना शुरू किया

**2025** में अप्रैल में ईडी ने 661 करोड़ की संपत्ति कब्जे में ली

**एसआईआर की डेडलाइन बढ़ी**

## 11 दिसंबर तक चलेगा 12 राज्यों में वोटर वेरिफिकेशन

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ा दी है। आयोग ने शनिवार को कहा कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता जोड़ने-हटाने का एन्यूमरेशन समय यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसंबर तक चलेगा, जो पहले 4 दिसंबर तक तय था। वहीं, पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसंबर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसंबर को जारी किया जाएगा। दरअसल बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू हुआ है। इस प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा।

- ड्राफ्ट लिस्ट 16 दिसंबर को जारी होगी

**27 पर था 65 लाख का इनाम**

## 37 नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़) (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को 37 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से 27 पर कुल 65 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने यह जानकारी दी। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गौरव राय ने बताया कि 12 महिलाओं समेत इन नक्सलियों ने पूना मारगेम (पुनर्वास से सामाजिक एकीकरण तक) पहल के तहत पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। अधिकारी ने बताया कि इन सभी पर 8-8 लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को 50,000 रुपये की तत्काल सहायता के साथ-साथ कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण, कृषि भूमि समेत अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

- आत्मसमर्पण करने वालों को 50,000 की आर्थिक मदद

**तमिलनाडु में तिरुप्पत्तूर के पास हादसा**

## 02 दो बसों में टक्कर, 11 की मौत, 40 लोग घायल



- टूरिस्ट बसों का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त

**शिवगंगा।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में रविवार को दो टूरिस्ट बसों में आमने-सामने जोरदार टक्कर में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और करीब 40 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह दर्दनाक हादसा तिरुप्पत्तूर के पास कुम्मानगुडी रोड पर हुआ। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। एक बस तिरुप्पुर से कराईकुड़ी जा रही थी, जबकि दूसरी बस कराईकुड़ी से दिन्डिगुल की ओर जा रही थी। शिवगंगा जिले के पुलिस अधीक्षक शिव प्रसाद ने दुर्घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि टक्कर की सूचना मिलते ही मौके पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई।

## पलवल के सूबेदार हितेश का लेह-लद्दाख में निधन, राजकीय सम्मान से अंतिम विदाई



- बेटे ने दी मुखाग्नि, ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक आया

**पलवल।** सूबेदार हितेश सहरावत पंचतत्व में विलीन हो गए। उन्हें बेटे सौरभ ने मुखाग्नि दी। सेना ने उन्हें राजकीय सम्मान और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी। हितेश 2001 में सेना में भर्ती हुए थे और वर्तमान में सूबेदार के पद पर तैनात थे। शनिवार को लेह-लद्दाख में ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक आने से शहीद हो गए। रविवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा, जहां हजारों लोग अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े।



### पैतृक गांव पहुंचा पार्थिव शरीर

सूबेदार हितेश सहरावत का पार्थिव शरीर रविवार को गांव गहलब पहुंचा। गांव में हजारों लोग एकत्र हुए और अंतिम दर्शन किए। जयघोष भारत माता की जय और शहीद हितेश अमर रहें लगातार गूंजते रहे। पुत्र सौरव ने अपने पिता को मुखाग्नि दी और परिवार का माहौल बेहद भावुक हो गया।

# 20 रुपये में चादर, बेडरोल की भी सुविधा देगा रेलवे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा के लिए एक बड़ा फैसला किया है। रेल यात्रियों को अब स्लीपर क्लास में भी चादर और तकिये की सुविधा मिलेगी। दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 1 जनवरी, 2026 से स्लीपर क्लास में सफर करने वाले यात्रियों को साफ-सुथरे सैनिटाइज्ड चादर और तकिये की सुविधा दी जाएगी। इस सुविधा के लिए यात्रियों को अलग से पैसे चुकाने होंगे। यानी, जिन यात्रियों को चादर और तकिये की जरूरत है, वे पैसे देकर कोच अटेंडेंट से चादर और तकिये ले सकेंगे। बताते चलें कि भारत में ऐसा पहली बार होगा, जब यात्रियों को स्लीपर क्लास में भी चादर और तकिये की सुविधा मिलेगी। अभी तक, सिर्फ एसी क्लास में ही यात्रियों को बेडरोल दिया जाता है- जिसमें चादर, तकिया, कंबल और हैंडटावल होता है। बता दें एसी क्लास में बेडरोल के लिए यात्रियों को अलग से पैसे नहीं देने होते हैं, क्योंकि आपकी टिकट में ही बेडरोल का पैसा पहले ही जोड़कर ले लिया जाता है।



- सैनिटाइज्ड चादर और तकिये मिलेंगे

## सत्र आज से, रीजीजू बोले-सबको 'ठंडे दिमाग से' करना चाहिए काम

# शीतकालीन सत्र में गतिरोध के आसार, विपक्ष का एसआईआर पर चर्चा करवाने पर जोर

## सभी दल संसद चलाने पर सहमत


*कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने सत्र की शुरुआत से एक दिन पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में एसआईआर के साथ ही दिल्ली विस्फोट की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया।*

**नई दिल्ली (भाषा)।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत हंगामेदार रहने और इसमें गतिरोध पैदा होने के आसार रविवार को उस वक्त दिखाई दिए जब सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने एक सुर में यह मांग उठाई कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराई जानी चाहिए। सरकार ने हालांकि कहा कि संसद की कार्यवाही अच्छी तरह चलनी चाहिए और वह गतिरोध की स्थिति को टालने के लिए विपक्षी दलों के साथ बातचीत जारी रखेगी। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने चुटीले अंदाज में यह भी कहा कि यह शीतकालीन सत्र है और इसमें सबको ''ठंडे दिमाग से'' काम करना चाहिए।

### गतिरोध टालने के लिए हुई चर्चा

#### सत्र में 14 विधेयक होंगे पेश

इसके साथ ही, उन्होंने वायु प्रदूषण, विदेश नीति, किसानों की स्थिति, महंगाई, बेरोजगारी और कुछ अन्य विषयों पर सत्र के दौरान चर्चा कराने का आग्रह किया। बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की प्रचंड जीत से उत्साहित केंद्र सरकार इस सत्र में 14 विधेयक पेश कर सकती है। इस सर्वदलीय बैठक में 36 राजनीतिक दलों के 50 नेता शामिल हुए।



#### सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए 36 दल

बैठक में सरकार की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह , स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल हुए। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन, समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव, द्रमुक के तिरुचि शिवा और कई अन्य दलों के नेता बैठक में शामिल हुए। किरेन रीजीजू ने सर्वदलीय बैठक को सकारात्मक करार देते हुए कहा, '' बैठक में जो भी सुझाव आए हैं, उनको विचार के बाद बीएसी (कार्य मंत्रणा समिति) में रखा जाएगा। कुल मिलाकर 36 दलों के 50 नेता शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### मांगों को लेकर डॉक्टरों की 8-9 को हड़ताल

चंडीगढ़। पंचकूला सहित प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं आने वाले दिनों में गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती हैं। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमएस) कैडर की मांगों को लेकर स्टेट एक्शन कमेटी की बैठक रविवार को हुई। डॉक्टरों ने सरकार के प्रति गहरा रोष व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं तो वे 8 और 9 दिसंबर को पूर्ण हड़ताल पर जाएंगे। डाक्टरों ने यह भी कहा कि यदि इसके बाद भी सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो 10 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। इससे सेक्टर-6 सिविल अस्पताल, अर्बन हेल्थ सेंटर, पीएचसी, सीएचसी सहित कालका, पिंजौर, मोरनी, बरवाला और रायपुररानी के हजारों मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### प्रदेश सरकार की खेल नीति सर्वश्रेष्ठ : बड़ौली

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली शनिवार को सीए प्रकोष्ठ की भारत क्रिकेट लीग (बीसीएल) सीज़न-2 प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। यहां उन्होंने विधिवत क्रिकेट लीग का शुभारंभ किया। इस मौके पर बड़ौली ने प्रदेशभर से आए युवा खिलाड़ियों उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, चेयरमैन रविंद्र बलियाला, हरियाणा सीए प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नितिन बंसल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थिति रहे।

### मानेसर में विकास कार्यों का शुभारंभ

**गुरुग्राम।** मानेसर नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीन यादव ने रविवार को निगम क्षेत्र के गांव झुंडसराय में एक करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से जोहड़ व पार्क के सौंदर्यीकरण के कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने एक बुजुर्ग ग्रामीण के साथ मिलकर नारियल फोड़कर शिलान्यास कार्य की नींव रखी। जोहड़ में स्थानीय लोगों के सैर और व्यायाम के लिए ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। इसी के साथ जोहड़ की चारदिवारी भी की जाएगी, जिससे भविष्य में अतिक्रमण से बचाव हो सके। इस दौरान ग्रामीणों ने सीनियर डिप्टी मेयर के समक्ष गांव की अन्य मांगें भी रखी। प्रवीन यादव ने उनकी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और प्राथमिकता से समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने निगम अधिकारियों को भी निर्देश दिए।

---

### मुख्यमंत्री ने सेल्फ हेल्प ग्रुप और भाजपा महिला मोर्चा के सेमिनार को संबोधित किया

# महिला शक्ति आत्मनिर्भर भारत की अग्रदूत : मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सेल्फ हेल्प ग्रुप और भाजपा महिला मोर्चा के सेमिनार में बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज का यह सम्मेलन महिलाओं के आत्म विश्वास और शक्ति का उत्सव है। उन्होंने कहा कि आप सभी महिला शक्ति आत्मनिर्भर भारत की अग्रदूत हैं और आत्मनिर्भर भारत का असली चेहरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब किसी गांव की महिला या युवा बेटी सिलाई मशीन लेकर कार्य शुरू करती है तो वह अपने परिवार की जीविका ही नहीं चलाती, बल्कि समाज का भविष्य भी बनाती है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा का स्वयं सहायता समूह आत्मनिर्भर भारत का सबसे मजबूत स्तंभ बन चुका है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की पहचान है हर घर में हूनर और हर हाथ को काम हो। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 2014 के बाद महिलाओं को सशक्त करने काम किया है।

**सेल्फ हेल्प ग्रुप सम्मेलन महिलाओं के आत्म विश्वास और शक्ति का उत्सव**



#### 65 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाया : नायब

हमारी सरकार ने अब तक प्रदेश में 65 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि लाखों महिलाएं अपनी मेहनत से समाज में सम्मान और पहचान बना चुकी है। नायब सैनी ने कहा कि बैंकों से स्वयं सहायता समूहों को लोन लेने की बात हो या प्रशिक्षण की बात हो या फिर मार्किटिंग व ब्रांडिंग की बात हो तो हमारी सरकार पूरी सुविधा देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाएं डेयरी उत्पादों और हथकरघा में कमाल दिखा रही है। जैविक खेती और डिजिटल सेवाओं से लेकर छोटे उद्योगों तक अपनी भागीदारी बखूबी निभा रही हैं। उन्होंने ने कहा कि किसानी से जुडे विषयों पर हमारी सरकार ने शहद को भावांतर भरपाई योजना से जोड़ने का काम किया है।

#### उत्पादों के बाजार भाव की भरपाई सरकार करेगी

प्रदेश की महिलाएं मेहनत करती हैं और उसका भाव बाजार में मेहनत से कम मिलता है तो हरियाणा सरकार भरपाई करने का काम करेगी। नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है और यह आत्मनिर्भर भारत का एक मजबूत रास्ता है। पीएम मोदी का वोकल फॉर लोकल का नारा अब सफलता की ओर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हमें गर्व है कि हरियाणा की महिलाओं ने अपनी मेहनत और हुनर से देश में अपना नाम कमाया है। राज्य ग्रामीण आजीविका से जुड़ी हुई हमारी महिलाओं को सराहनीय कार्यों और समाज में सहयोग देने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा सम्मानित करने काम भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने भी प्रदेश की महिलाओं के कामों की प्रशंसा की है।

#### पीएम ने हथकरघा उद्योग को सराहा



मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में रोहतक की बहनों का हथकरघा उद्योग का जिक्र किया है यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाएं पशुपालन, बागवानी, ब्यूटी पार्लर, किरयाना की दुकानों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में अलग-अलग प्रोडेक्ट हैं जिन्हें प्रदेश की महिलाएं आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ऐसे प्रोडक्टों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा रही है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि जब महिलाएं मजबूत होती है तो भारत मजबूत होता है। इस मौके पर संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, विधायक शक्ति रानी शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया व अन्य मौजूद रहे।

---

### सनातन धर्म को नहीं बचा पाए तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी

# सीमा पार से धर्मांतरण व नशे के कारोबार से देश को तोड़ना चाहता है दुश्मन : योगी आदित्यनाथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

रविवार को उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्य नाथ ने गांव कबलाना स्थित सिद्ध बाबा पालनाथ आश्रम में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और आठमान भंडारे में शिरकत करते हुए मंत्रोचार के बीच यज्ञ में आहूति डालते हुए सर्व मंगल की कामना की। बाद में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीमापार से दुश्मन दो तरह के हमले करने के फिराक में है। एक हमला धर्मातंरण और दूसरा देश में नशे का कारोबार बढ़ाकर युवा पीढ़ियों को बर्बाद करके करना है। इसलिए हमें एकजुट और सावधान रहने की आवश्यकता है।



#### क्षेत्रवाद, जातिवाद और तुष्टिकरण के खिलाफ एकजुट हों

उन्होंने कहा कि क्षेत्रवाद, भाषा, जातिवाद और तुष्टिकरण के चक्कर में आपस में न बंटे। जो जैसा बर्ताव करता है, दोगुनी शक्ति से उसका जवाब दें। उन्होंने एक बार फिर कहा कि बटोगे तो कटोगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा करने के लिए हमें अपने सनातन धर्म की रक्षा करनी होगी। अगर हम सनातन धर्म की रक्षा नहीं कर पाए तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी। उन्होंने देश व प्रदेश के हर घर में धर्म ध्वज की पताका फहराने और गांव गांव जाकर जन जागरण चलाने का आहवान किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि हरियाणा में भी डबल इंजन की सरकार प्रदेश का चहूंमुखी विकास कर रही है। इस अवसर पर महंत बालक नाथ, सांसद धर्मबीर, विधायक सुनील सांगवान, विधायक उमेद सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।

#### सनातन विरोधी गतिविधि स्वीकार नहीं

उन्होंने ये भी कहा कि कोई भी सनातन-विरोधी गतिविधि स्वीकार नहीं की जाएगी। धर्म और राष्ट्र के खिलाफ काम करने वाली शक्तियों को सामाजिक सजगता और संगठनात्मक क्षमता के बल पर ही रोका जा सकता। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बेहतर बुनियादी ढांचा, कृषि सुधार और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विकास की नई संभावनाएं निर्मित हो रही हैं।



#### कार्यक्रम में सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम रहे

कबलाना में आयोजित ये कार्यक्रम पालनाथ आश्रम में महंत बालक नाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जहां नाथ संप्रदाय से जुड़े संत समाज ने योगी आदित्यनाथ का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक अनुष्ठानों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। योगी आदित्यनाथ के झज्जर आगमन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। जिले में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। प्रशासन की सतर्कता और स्थानीय लोगों के सहयोग से पूरा आयोजन सफल रहा



---

### करनाल और पिंजौर हवाई अड्डों पर फुल-स्केल फ्लाइंग ट्रेंनिंग फिर से शुरू होगी

- विपुल गोयल के प्रयासों से एसीआई के साथ मुद्दे सुलझे

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल के एयरो क्लब ऑफ इंडिया (एसीआई) के साथ लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को सुलझाने के प्रयासों का सफल नतीजा निकला है। यह सफलता हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ सिविल एविएशन (एचआईसीए) और एसीआई के बीच लीज एग्रीमेंट पर साइन होने से मिली। विपुल गोयल, जो एचआईसीए के प्रेसिडेंट भी हैं, ने बताया कि 28 नवंबर, 2025 को एयरो क्लब ऑफ इंडिया के परिसर में एक महत्वपूर्ण मीटिंग हुई। एचआईसीए के प्रेसिडेंट और एयरो क्लब ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट श्री राजीव प्रताप रूडी के निर्देशों के तहत काम करते हुए, एचआईसीए और एसीआई दोनों के अधिकारियों ने उन मुद्दों को सुलझाया जो लगभग एक साल से पेंडिंग थे, जिसमें दोनों तरफ के बकाया पैसे और एचआईसीए को एसीआई द्वारा अलॉट किए गए चार एयरक्राफ्ट के लीज रिन्यूअल में देरी शामिल थी, जिसके कारण इन एयरक्राफ्ट की फ्लाइंग ऑपरेशन बंद हो गई थी। उन्होंने बताया कि कमिश्नर और सेक्रेटरी, सिविल एविएशन डिपार्टमेंट के साथ बातचीत के बाद मामला सुलझ गया।

---

## तेजधार हथियार से गला रेतकर युवक की हत्या, शव गंदे नाले में फेंका

**गुरुग्राम।** खेडक़ीदौला थाना एरिया में तेजधार हथियार से गला रेतकर युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। युवक का शव गांव कांकरौला के गंदे नाले में मिला है। जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हत्या का केस दर्ज कर लिया और कार्रवाई शुरु कर दी।जानकारी अनुसार, शनिवार की सांय को राहगीरों ने गांव कांकरौला के गंदे नाले में एक शव देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल व फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया। मृतक की अभी पहचान नहीं हुई है और उसकी उम्र करीब 35 साल बताई गई है।

#### पुलिस ने केस दर्ज किया

उसका शव फूलकर पानी के ऊपर आया हुआ था। पुलिस को कोई दस्तावेज या पहचानपत्र नहीं मिला, ताकि शव की पहचान हो सके। पुलिस मृत युवक की पहचान करने के प्रयास कर रही है। आशंका है कि युवक की हत्या करने के बाद बाद शव को सबूत मिटाने और पहचान छिपाने के इरादे से नाले में फेंका गया था। पुलिस का मानना है कि युवक का शव ज्यादा पुराना नहीं है। शुक्रवार की रात को युवक की हत्या करने के बाद शव को नाले में फेंका गया होगा, जोकि दोपहर बाद फूलकर नाले में पानी के ऊपर आ गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में रखवाया है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया और कार्रवाई शुरु कर दी।

## ट्राले ने बाइक सवार दंपति को कुचला

**गुरुग्राम।** सदर थाना एरिया में सिलानी गांव के पास ट्राला की टक्कर से घायल बाइक सवार दंपति की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में पत्नी की मौत सोहना के अस्पताल में हुई। जबकि शनिवार को पति की मौत गुरुग्राम के निजी अस्पताल में हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए बाद परिजनों को सौंप दिया और ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। जानकारी अनुसार, सोहना के गांव लाखूवास निवासी रूपेंद्र (50) अपनी पत्नी निर्मला (48) के के साथ शनिवार की सुबह बाइक से पलवल के कुशक बडौली गांव स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। सिलानी गांव स्थित एपीजे कॉलेज के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्राला ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रूपेंद्र व निर्मला गंभीर रूप से घायल हो गए।

#### आरोपी वाहन छोड़कर फरार पुलिस ने केस दर्ज किया

वहीं ट्राला चालक मौके पर गाड़ी छोडक़र भाग गया। लोगों ने घायल दंपती को सोहना के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान निर्मला की मौत हो गई। वहीं रूपेंद्र को गुरुग्राम के निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। वहीं, शनिवार की रात करीब 11 बजे रूपेंद्र की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बाइक को टक्कर मारने वाले ट्राला को जब्त कर लिया है। ट्राला के अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है। जल्द ही ट्राला चालक की पहचान करके गिरफ्तार किया जाएगा।




## डिजिटल अरेस्ट कर 2.92 करोड़ की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट करके 2.92 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में गुजरात से वीजा कंसल्टेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने भाई के माध्यम से साइबर ठगों को बैंक अकाउंट मुहैया कराए थे। उस अकाउंट का प्रयोग करके 39 लाख रुपये ठगने की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने इस केस में अब तक वीजा कंसल्टेंट व उसके भाई सहित 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। दरअसल, साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस में बीती चार दिसंबर को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि उसके बेटे के पास एक व्हाट्सएप पर ऑडियो कॉल आया। जिसमें बताया गया कि इसके बेटे के आधार कार्ड का हवाला के काम में प्रयोग हुआ है। जब उसने मना किया तो उन्होंने केस दर्ज कराने की बात कही और एक सीबीआई अफसर से वीडियो कॉल करके डिजिटल अरेस्ट करने की बात कही। हवाला केस में शामिल होने का डर दिखाकर उन्होंने अलग-अलग बैंक खातों में कुल 02.92 करोड़ रुपए ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। मामले में एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान की अगुवाई में साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस ने 17 अरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने गुजरात से वीजा कंसल्टेंट को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान गुजरात के तापी निवासी अशीषभाई रमनलाल राणा (36) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है और उससे अन्य वारदातों व अन्य साथी आरोपियों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

---

### कोई न कोई मुद्दा जिंदा रखने में माहिर है सियासी खिलाड़ी

# एसवाईएल, बीबीएमबी, विस के लिए अलग भूमि के बाद अब चंडीगढ़ विवि पर सियासत

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब और हरियाणा किसी दौर में संयुक्त हुआ करते थे लेकिन बड़े व छोटे भाई अलग-अलग हुए लेकिन रोटी बेटी का रिश्ता पंजाब के साथ में सियासत के अलग हटकर आज भी चल रहा है। हाय री राजनीति और सियासी खेल खेलने वाले लोगों द्वारा सारा कुछ बदल जाने के बाद भी कुछ ना कुछ नया विवाद और बखेड़ा करना नहीं बंद किया है। कभी एसवाईएल के नाम पर तो कभी अलग से हरियाणा की नई विधानसभा के लिए, कभी बीबीएमबी के पानी के बंटवारे के नाम पर विवाद खड़े किए जाते हैं, तो कभी पंजाब यूनिवर्सिटी से संबद्धता के मुद्दे पर जमकर सियासत होती है लेकिन होने वाली इस सियासत को समझ चुके हैं।

#### राजधानी में धरना व प्रदर्शन का दौर

इस पर लंबी चर्चा नहीं करना चाहते बल्कि रास्ता जाम, धरने प्रदर्शन, शक्ति प्रदर्शन करने से होने वाली परेशानी को लेकर चिंतित हैं। इन दिनों पंजाब यूनिवर्सिटी से हरियाणा के कॉलेजों की संबद्धता का मामला, सीनेट चुनाव अन्य कई मुद्दों को लेकर सियासी घमासान मचा है। कई बार प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ में धरने और प्रदर्शन का सिलसिला चल चुका है।

#### सीधे नियंत्रण वाले बिल का प्रचार

अब केंद्र सरकार के सीधे नियंत्रण वाले बिल का खूब प्रचार प्रसार कर जमकर सियासत हो रही है। पिछले दिनों इसको लेकर प्रदर्शन भी हुआ और लोग हलकान भी हुए। वैसे, अतीत पर गौर करें, तो आजादी के बाद नियोजित तरीके से बसाया गया भारत पहला 'प्लांड सिटी' है। 1966 में पंजाब-हरियाणा के पुनर्गठन के बाद केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया था. पंजाब इस पर अपना दावा करता रहा है। अब बिल के कारण एक बार फिर चर्चा और बहस की शुरुआत हुई। पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ को लेकर दोनों ही राज्य के सियासतदान अपने अपने हिसाब से राजनीति करते हैं। कई बार पंजाब के नेताओं द्वारा हरियाणा में कुछ बयान दिए जाते हैं, पंजाब में जाकर कुछ और कहा जाता है। इसी तरह से हरियाणा के नेता भी एसवाईएल के मुद्दे पर कई बार धर्म संकट में आ जाते हैं, क्योंकि राष्ट्रीय पार्टी भाजपा, कांग्रेस अन्य के नेताओं को एक से दूसरे राज्यों में जाना होता है।इस बार चर्चा में होने की वजह केंद्र सरकार के बिल को मुद्दा बनाया गया हालांकि फिलहाल, बिल को लेकर केंद्र की ओर से इनकार कर दिया गया था कि यह शेड्यूल में नहीं है।

---

### अस्पतालों की सुध नहीं ले रही सरकार : सैलजा

## प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं चरमराईं अस्पतालों में मरीज परेशान

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। प्रदेश में कभी निजी चिकित्सकों की हड़ताल, तो कभी सरकारी डॉक्टरों की पेन-डाउन स्ट्राइक ने आम जनता को गंभीर संकट में डाल दिया है। अस्पतालों में मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से न तो संवेदनशीलता दिख रही है और न ही ठोस समाधान की कोई कोशिश नजऱ आ रही है। सरकार को तुरंत स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी तय करते हुए ठोस कदम उठाने चाहिए। जनता का जीवन सर्वोपरि है और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल ही में आई रिपोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग की खामियों को साफ उजागर किया है। कोविड-काल में मिले 727 वेंटिलेटरों में से करीब 30 प्रतिशत खराब पड़े हैं। कई जिलों में 15 महीने से एक भी मरीज को वेंटिलेटर सुविधा नहीं मिल सकी। करोड़ों रुपये खर्च कर मशीनें खरीद ली गईं, लेकिन प्रदेश में उनका सही से प्रयोग ही नहीं हुआ।



## पुलिस पर युवाओं के उत्पीड़न का आरोप गृह विभाग के प्रधान सचिव को नोटिस

**चंडीगढ़।** भिवानी और फतेहाबाद पुलिस प्रताड़ता केस में हरियाणा सरकार के गृह विभाग के प्रधान सचिव को नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस स्टेट पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी के आदेश लागू नहीं होने पर जारी किया गया है। खास बात ये है कि यह विभाग सीएम नायब सैनी के पास है। पहला मामले में भिवानी जिले में 19 साल के युवक के निजी अंगों में पेट्रोल डालकर प्रताड़ति किया गया था। इसमें दोषी पाए गए पुलिस कर्मी को सजा की जगह पदोन्नति दे दी गई थी। दूसरा मामला फतेहाबाद का है, जिसमें एक ज्वेलर के खिलाफ सट्टेबाजी केस में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसमें सीआईए इंचार्ज सहित पांच पुलिस कर्मियों पर एफआईआर करने के निर्देश हुए थे। मगर, इन पर भी कार्रवाई नहीं हुई।

#### हिरासत में मारपीट

इसकी शिकायत हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य सुशील वर्मा ने की थी। वर्मा ने कहा था कि हरियाणा गृह विभाग की ओर से स्टेट अथॉरिटी के आदेशों को लागू नहीं किया गया है, जबकि ये मामले पुलिस अत्याचार और हिरासत में यातना से जुड़े हैं। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य सुशील वर्मा की ओर से की गई शिकायत में बताया गया कि स्टेट पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी ने स्पष्ट रूप से आरोपी पुलिसकर्मियों को निलंबित करने और एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे, लेकिन हरियाणा के गृह विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। अथॉरिटी की एक वर्ष लंबी जांच में दोषी पाए गए भिवानी पुलिस के एएसआई दशरथ को निलंबित करने के बजाय पदोन्नत कर एसआई बनाया गया।

**खबर संक्षेप**



सिरसा। नशीली गोलियां बेचने के मामले में पकड़ा गया मुख्य सप्लायर।

## नशीली गोलियां बेचने वाला सप्लायर पकड़ा

**सिरसा।** नशीली प्रतिबंधित दवाइयां का मुख्य सप्लायर को सोनीपत से गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रदीप उर्फ मोनू के रूप में हुई है। सूचना पर नशीली प्रतिबंधित गोलियां बेचने के मामले में अरविंद व राकेश निवासी पंजाब को पहले गिरफ्तार कर लिया था। नशीली प्रतिबंधित दवाइयां सोनीपत से लेकर आए थे। सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी प्रदीप उर्फ मोनू निवासी सोनीपत को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा।

## टास्क के नाम पर 1.5 लाख की धोखाधड़ी

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने कार्रवाई करते हुए टेलिग्राम टास्क के नाम पर धोखाधडी करने के एक मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-77 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके टेलिग्राम पर एक लिंक आया जिस पर क्लिक करते ही वह एक टेलिग्राम ग्रुप से जुड गया। जहां उसे गुगल पर रिव्यु के टास्क कर पैसे कमाने बारे बताया गया। जिसके बाद उसने उनके कहेनुसार काम करना शुरू किया और उससे टास्क के नाम पर 1,58,700 विभिन्न खाता में ट्रांसफर करवा लिये।

# बहादुरगढ़ में फिर हादसा: छारा के खेल मैदान में भी बॉस्केट पोल टूटा

**बहादुरगढ़ ।** खेल मैदानों में जर्जर संसाधन न केवल उभरती प्रतिभाओं के लिए बाधा बन रहे हैं, उनके जीवन के लिए घातक सिद्ध भी हो रहे हैं। बहादुरगढ़ और लाखन माजरा में बास्केट पोल गिरने के चलते जहां दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की जान चली गई, वहीं अब यहां गांव छारा के खेल मैदान में भी बास्केट पोल गिर गया।

गनीमत रही कि इस दफा कोई खिलाड़ी पोल की चपेट में नहीं आया। हादसा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मैदान में हुआ। ग्रामीणों के मुताबिक, पोल नीचे से जर्जर था। शनिवार को इसे गिरा हुआ देखा गया। यहां काफी बच्चे अभ्यास करते हैं।



### गनीमत रही कि कोई चपेट में नहीं आया

गनीमत रही कि कोई चपेट में नहीं आया। इस वजह से गांव के युवाओं में रोष है। ब्लॉक पार्षद प्रमोद आर्य ने कहा कि सरकार, प्रशासन को खेल मैदानों पर ध्यान देना चाहिए। समय समय पर संसाधनों की जांच करनी चाहिए। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि हरियाणा खेलों में देश का नाम रोशन करता है। ओलम्पिक से लेकर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं तक सबसे ज्यादा उम्मीदें यहां के खिलाड़ियों से की जाती हैं। गांवों से निकलने वाले ये खिलाड़ी बड़े मंच तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत और संघर्ष करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल सुविधाएं बदहाल हैं, स्टेडियमों की मरम्मत सालों से लंबित है। जब खिलाड़ियों को सुरक्षित मैदान और बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं होंगी, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीन, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे देशों को चुनौती देना मुश्किल है। खिलाड़ी मेडल जीतने के लिए पसीना बहाएं या अपनी ही जिंदगी का जोखिम उठाएं? स्टेडियमों में मौजूदा कमियों को दूर किया जाए और बेहतर संस्थान उपलब्ध कराए जाएं।

### बहादुरगढ़ और रोहतक के स्टेडियम में दो खिलाड़ियों की जा चुकी जान

**पहला:** बहादुरगढ़ के शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में 23 नवंबर को अमन प्रैक्टिस कर रहा था। इस दौरान जंग लगा बास्केटबॉल का पोल उसकी कमर पर आ गिरा। अमन को पीजीआई रोहतक में इलाज के दौरान मौत हो गई।

***दूसरा:** 25 नवंबर 2025 रोहतक के लाखनमाजरा गांव के खेल कोर्ट में राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी हार्दिक प्रैक्टिस कर रहा था। वो भी बास्केटबॉल पोल पर लटक कर प्रैक्टिस कर रहा था। अचानक से पोल उसके ऊपर धड़ाम से गिर गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है।*

### उपराष्ट्रपति ने कुरुक्षेत्र में अखिल भारतीय देवस्थानम सम्मेलन को किया संबोधित

# श्रीमद्भागवत गीता धार्मिक जीवन व प्रबुद्ध कर्म के लिए एक सार्वभौमिक मार्गदर्शक

*उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और गीता ज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित सम्मेलन की भी सराहना की, जिसमें पूरे भारत के संत, विद्वान, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ, कलाकार और सांस्कृतिक नेता एक साथ आए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में आयोजित अखिल भारतीय देवस्थानम सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह वेदों की भूमि कुरुक्षेत्र की पावन धरती पर खड़े होकर अत्यंत सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह पवित्र स्थान हजारों वर्षों से इस स्थान के रूप में पूजनीय है जहाँ भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को भगवद् गीता का दिव्य ज्ञान प्रदान किया था। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र हमेशा याद दिलाता है कि धर्म अंततः अधर्म पर विजय प्राप्त करता है, चाहे अधर्म कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो। उपराष्ट्रपति ने भगवद् गीता को एक धार्मिक ग्रंथ से कहीं अधिक धार्मिक जीवन, साहसी कार्य और प्रबुद्ध चेतना के लिए एक सार्वभौमिक ग्रंथ बताया।




**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय देवस्थानम सम्मेलन को संबोधित करते उपरात्रपति सीपी राधाकृष्णन।

### उपराष्ट्रपति ने महोत्सव को सराहा

उपराष्ट्रपति ने महोत्सव की सराहना करते हुए इसे एक ऐसा मंच बताया जो सदियों से भारत को जीवित रखने वाले मूल्यों- धर्म, कर्तव्य, आत्मानुशासन और उत्कृष्टता की खोज को सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि ये मूल्य प्रधानमंत्री मोदी द्वारा व्यक्त आत्मनिर्भर भारत और 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण की नींव हैं। इस तरह के आयोजन संवाद को गहरा करते हैं, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मजबूत करते हैं और युवा मन को गीता को एक दूरस्थ ग्रंथ के रूप में नहीं, बल्कि साहस, विनम्रता और ज्ञान के जीवंत मार्गदर्शक के रूप में देखने के लिए प्रेरित करते हैं।

### सार्थक और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की कुंजी

*उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि धर्म द्वारा निर्देशित अपने कर्म पर ध्यान केंद्रित करने का भगवान कृष्ण का आह्वान, एक सार्थक और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की कुंजी है। मजबूत चरित्र निर्माण की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि चरित्र, धन या अन्य सांसारिक उपलब्धियों से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गीता मानवता को एक सदाचारी और अनुशासित जीवन जीने का मार्गदर्शन करती है और भगवान कृष्ण की तरह हमें याद दिलाती है कि नैतिक शक्ति उद्देश्य की स्पष्टता और धार्मिकता के प्रति समर्पण से उत्पन्न होती है। यह आशा व्यक्त करते हुए कि तेजी से बदलते युग में, गीता व्यक्तियों, समाजों और राष्ट्रों को शांति और सद्भाव की दिशा में मार्गदर्शन करती रहेगी, उपराष्ट्रपति ने इसकी स्थायी प्रासंगिकता के महत्व के बारे में बताया। इस आयोजन के विकास की सराहना करते हुए, उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष मनाई जाने वाली गीता जयंती पिछले नौ वर्षों में एक वैश्विक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उत्सव के रूप में विकसित हुई है। उन्होंने महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने और हरियाणा को प्रगति की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बधाई दी। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव भगवान कृष्ण के दिव्य गुणों, श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाओं और सनातन धर्म की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सभी उम्र के लोगों के लिए सुलभ तरीके से प्रदर्शित करता है।*

# पार्सल में ड्रग का भय दिखाकर 17.60 लाख की ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत वर्ष नवंबर में युवती को पार्सल में ड्रग होने का डर दिखाकर ऐप के जरिए साइबर ठगों ने बैंक से लगभग 16 लाख का लोन खाते में जमा करा दिया। इसके बाद युवती को लगभग 17.60 लाख की साइबर ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया गया।

प्राइवेट जॉब करने वाली पत्थर घटी निवासी तमन्ना ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसके पास 15 नवंबर 2024 को अनजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने बताया कि उसका 96 हजार प्रीपेड पार्सल रिजेक्ट हो गया है। पार्सल में ड्रग पाई गई है। उसने फोन करने वाले को बताया कि यह पार्सल उसका नहीं है, तो फोन करने वाले ने कहा कि इसमें सब डिटेल उसकी हैं। वह पार्सल उसका होने से मना नहीं कर सकती। परेशानी से बचने के लिए साइबर सेल को कॉल ट्रांसफर करने की बात कहते हुए किसी अन्य व्यक्ति से बात कराई। उसे पार्सल में ड्रग होने का डर दिखाकर स्काइप ऐप डाउनलोड कराई गई। बैंक व अन्य डिटेल लिए। इसके बाद उसे लगातार ऐप के जरिए कॉल पर उलझाए रखा। उससे पूछा गया कि बैंक खाते में कितना बैलेंस है। उसे खातों से गैर कानूनी ट्रांजेक्शन होने का डर भी दिखाया गया। उसके खाते में 1.60 लाख थे। इसके बाद बैलेंस 17 लाख से अधिक हो गया।

### खाता धारक चढ़ा पुलिस के हत्थे



साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की, तो इस बात की जानकारी मिली कि तमन्ना के खाते से जो राशि ट्रांसफर हुई है, उसमें से 10 लाख रुपये इंदौर के चंदन नगर निवासी इस्लाम खान के बैंक खाते में ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने आरोपी इस्लाम को एमपी से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बैंक जाने के बाद पता चला लोन का

युवती ने बताया कि उसके डर दिखाकर लगातार कॉल पर बने रहने को कहा। जब कॉल कट गई, तो उसने बैंक जाकर पूछताछ की। से बताया गया कि उसके खाते से प्री एप्रूव्ड 1599971 रुपये का लोन लिया गया है। यह और उसकी पहले से जमा राशि निकाली गई है। उसके साथ लगभग 17.60 लाख का फ्रॉड कर दिया गया। साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष 16 नवंबर को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

# बस स्टैंड पर परिचालक को दो युवाओं ने लाठी व डंडों से पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शनिवार सायं कैथल के बस स्टैंड पर दो युवाओं ने लाठी और डंडे से हमला कर परिचालक को घायल कर दिया। आरोपियों ने उसकी वर्दी भी फाड़ दी। परिचालक ने शोर मचाया और रोडवेज के अन्य कर्मी मौके पर पहुंचने लगे, तो दोनों आरोपी अपने हथियारों सहित मौके से फरार हो गए। रोडवेज कर्मियों ने कंडक्टर को कैथल के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। घटना शनिवार को देर शाम की है, जब ड्यूटी से वापस लौट रहा था। इस संबंध में कंडक्टर व अन्य कर्मियों ने सिविल लाइन थाना में भी शिकायत दी है। घायल कंडक्टर सुभाष ने बताया कि उसकी ड्यूटी कैथल धनौरी रूट पर है। रोजाना की तरह वह बस में धनौरी की ओर से कैथल बस स्टैंड पर आ रहा था। इस दौरान कैथल के नीरज व काला नामक दो युवक उसकी बस का पीछा कर रहे थे। दोनों युवक नशेड़ी किस्म के हैं। पहले भी दोनों से उसका झगड़ा हो गया था, जिसे बाद में सुलझा लिया गया लेकिन तभी से आरोपी उसे रंजिश रखे हुए थे।



### रंजिशन वारदात

रंजिश के चलते दोनों आरोपियों ने उस पर डंडे, लाठियां व लात मुक्कों से हमला कर दिया, जिसमें उसे काफी चोटें लगी। उसके मुंह, सिर, आंख व नाक पर चोट लगी हुई है। शिकायतकर्ता ने दोनों आरोपियों से जान का खतरा जताया है।

# मनीषा मौत: एक दिन का सत्याग्रह कर लोगों ने जल्द न्याय की मांग की



**90 दिन से सीबीआई कर रही जांच, साढ़े चार माह पहले सिंघानी के खेत में मिला था मनीषा का शव**

**लोहारू।** करीब साढ़े तीन माह पहले सिंघानी गांव में नहर के पास मिले गांव ढाणी लक्ष्मण की बेटी मनीषा के मौत के मामले में करीब 90 दिनों से सीबीआई की जांच जारी होने के बावजूद मामले का खुलासा नही हुआ है। जिससे नाराज परिजनों और गणमान्य लोगों ने रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार एक दिन सत्याग्रह किया। लोगों ने सरकार से मांग की कि सीबीआई पर दबाव बनाकर मामले का शीघ्र खुलासा करवाए। ताकि दोषियों को सजा मिल सके और मृतका को न्याय मिल सके। किसान नेता सुरेश कौथ ने कहा कि सरकार सीबीआई से बात कर बताना चाहिए कि मनीषा की मौत कैसे हुई थी। जनता जानना चाहती है। सरकार जल्दी सीबीआई सें बात कर मनीषा मौत मामले का खुलासा नहीं करेगी तो फिर से गांव में बैठक कर आगे की कठोर रणनीति बनाई जाएगी।

### यह है मामला

बता दें कि मनीषा 11 अगस्त को घर से स्कूल में बच्चों को पढ़ने के लिए निकली थी जिसका 13 अगस्त को सिंघानी के खेत में नहर के पास शव मिला था। मनीषा के पिता संजय ने बताया कि उनकी सरकार और सीबीआई से मांग है कि वह जल्द से जल्द मामले का खुलासा करें। उन्होंने बताया की अधिकारी पांच सात बार घर पर आए हैं।

### हरियाणा की बेटियों ने जीती राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता

# प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन केरल रहा, लड़कियों में हरियाणा ने मारीबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन रोचक मुकाबले हुए। केरला के धावकों ने सबसे ज्यादा अंक बटोर कर ओवरऑल ट्राफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में 64 अंक लेकर हरियाणा की टीम दूसरे तथा 63 अंक बनाकर महाराष्ट्र की टीम तीसरे नम्बर पर रही। बाद में नगरपरिषद के डीएमसी गुलजार मलिक, अंतर्राष्ट्रीय महिला बॉक्सर नुपुर श्योराण, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मला दहिया ने विजेता खिलाड़ियों को संयुक्त रूप से ओवर ऑल ट्राफी देकर सम्मानित किया। वहीं लड़कियों की ओवरऑल चैम्पियनशीप हरियाणा के नाम रही। हरियाणा की बेटियों ने 56 अंक बनाकर पहले स्थान पर कब्जा किया। जबकि महाराष्ट्र ने 39 तथा केरला की बेटियों ने 22 अंक बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह लड़कों के वर्ग में केरला के धावकों ने 45 अंक बटोर कर पहले, महाराष्ट्र ने 24 तथा पंजाब ने 21 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कों में बेस्ट एथलीट केरला के फसलूल हैक सीके तथा लड़कियों के वर्ग में हरियाणा की आरती को बेस्ट एथलीट घोषित किया गया। सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

- **नप डीएमसी मलिक, महिला मुक्केबाज नुपुर श्योराण व जिला शिक्षा अधिकारी ने ट्रॉफी देकर किया सम्मानित**



### जैवलिन थ्रो में भव्य पिलानियां ने गाड़े बुलंदियों के झंडे

जैवलिन थ्रो स्पर्धा में हरियाणा के भव्य पिलानियां ने 500 ग्राम की जैवलिन थ्रो 52.75 मीटर फेंक कर कीर्तिमान स्थापित किया। झारखंड की सबीता मुर्मु 48.23 मीटर भाला फेंक कर दूसरे तथा महाराष्ट्र की ढुवादातात्रे ने 45.07 मीटर भाला फेंक कर तीसरे स्थान पर रही। लड़कियों की चार हजार मीटर क्रास कंट्री स्पर्धा में वंशिका हरियाणा ने 12.15 मिनट में दूरी तय करके पहला स्थान जीता। महाराष्ट्र की स्नेहा भौषेभ ने यह दूरी 12.41 मिनट में तय की तथा राजस्थान की मुक्ता ने 13.02 मिनट में तय करके तीसरा स्थान हासिल किया। मीडिया प्रभारी जयबीर नाफरिया व शारीरिक शिक्षक विनोद पींकू ने बताया कि लड़कों में 6 हजार मीटर क्रास कंट्री स्पर्धा में दिल्ली के बादल ने 17.06 मिनट में दूरी तय करके पहले, महाराष्ट्र के कर्ण रमेश ने 17.06.69 मिनट में तय करके दूसरे तथा महाराष्ट्र के ही गोविंद प्रकाश ने 17.07 मिनट में तय करके तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। दूसरी तरफ निर्णायक एवं आयोजन समिति श्री भगवान एईओ, भगत सिंह कोठारी, बिजेंद्र प्राचार्य, विजय सिंह परमार, प्रीतपाल टूर्नामेंट मैनेजर, राजेश्वर ढिल्लो, मदन गोपाल प्रवक्ता, रामपाल पीटीआई,जीतपाल शर्मा, देवेंद्र अत्री, कुलदीप बामल, नरेंद्र पीटीआई , मुकेश पीटीआई, यशपाल चौपड़ा पंचकूला, तकनीकि विशेषज्ञ केशम बाला फरीदाबाद, संगीता रानी एईईओ करनाल, राकेश सिवाच एईओ रोहतक, कुलदीप अहलावत, राजेश प्रवक्ता, संजय कोच, रामचंद्र पुनिया, सुखदेव डीपीई, रविंद्र डीपीई, दयानंद डीपीई, संजय यादव, सुनील कुमार, सुशील दहिया, राकेश भारद्वाज, पीटीआई अनिल सैनी,प्रवीण भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### हरियाणा की टीम रिले दौड़ में जीती

लड़कियों की चार गुणा चार सौ मीटर रिले दौड़ में हरियाणा पहले, दिल्ली दूसरे तथा केरला तीसरे स्थान पर रहा। लड़कों में केरला प्रथम, महाराष्ट्र दूसरे तथा पंजाब तीसरे स्थान पर रहे। मौके पर प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसो के प्रधान राम अवतार शर्मा, श्री भगवान एईओ, अनिल गौड़ बीईओ भिवानी, बीईओ सिवानी डॉ. सुरेंद्र सिंह,विजय प्रभा, विजय सांगवान, एसजीएफआई के फिल्ड अधिकारी सुशीला सिंह , कुलदीप महला व लक्ष्मण गौड़ मौजूद रहे।



# भोपाल में जलाया मदनी का पुतला, देवबंद में जिहाद का सही अर्थ नहीं पढ़ाया जाता : आरिफ़

## मदनी के बयान पर बवाल, बजरंग दल-वीएचपी ने की कार्रवाई की मांग

एजेंसी ▶▶| भोपाल

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी के 'जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा' वाले बयान को लेकर विरोध तेज हो गया है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने रविवार को भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मदनी के पुतले पर जूते-चप्पलों की माला पहनाई और उस पर जूते भी फेंके। इसके बाद पुतला फूंका। संगठनों ने इसे देश और हिंदू समाज के खिलाफ दिया गया बयान बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं बिहार के राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद ख़ान ने मौलाना महमूद मदनी के हालिया जिहाद संबंधी बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। उन्होंने कहा कि देवबंद में पढ़ाई जाने वाली एक किताब में जिहाद की गलत परिभाषा दी जाती है। किताब में लिखा है कि किसी को 'दीने हक' की ओर बुलाया जाए और वह स्वीकार न करे तो उससे लड़ना जिहाद है। उन्होंने कहा, यह उनकी (देवबंद की) व्याख्या है, कुरान का असली संदेश नहीं।

## मदनी जिहाद के बारे में नहीं जानते : आरिफ मोहम्मद



बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने कहा कि अगर मदनी वास्तव में उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने को जिहाद मानते, तो वे कश्मीर में लोगों के विस्थापन के समय सबसे पहले वहां जाते। उन्होंने आरोप लगाया कि बच्चों को जिहाद का सही अर्थ नहीं पढ़ाया जाता, जबकि कुरान स्पष्ट रूप से अत्याचार के खिलाफ खड़े होने को जिहाद बताता है। मदनी को जिहाद के बारे में नहीं पता है।

### देवबंद की किताबें कुरान से मेल नहीं खातीं

महमूद मदनी के बयान पर बोलते हुए आरिफ़ ख़ान ने कहा कि मदनी एक शैक्षणिक संस्थान से जुड़े हैं और यह समझना जरूरी है कि वहां बच्चों को क्या पढ़ाया जा रहा है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि देवबंद की जिस किताब का वह जिक्र कर रहे हैं, उसका नाम भी 'शरीयत में जिहाद' है, जिसमें दी गई कई बातें कुरान के वास्तविक संदेश से मेल नहीं खातीं।

### मदनी इस्लाम का गलत उपदेश देना बंद करें : कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद

कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए यहां तक कह दिया कि वह लोगों को इस्लाम का गलत उपदेश देना बंद कर दें। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, 'मैं मौलाना महमूद मदनी से पूछना चाहती हूं कि तीन तलाक पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले में क्या गलत है? यह तो कुरान शरीफ में भी नहीं है! तो कृपया अपने अनुयायियों को इस्लाम का गलत उपदेश देना बंद कर दें! यह हराम है।

### मदनी जैसे लोग युवाओं को बना रहे भारत विरोधी : बंसल

विनोद बंसल ने कहा कि मदनी जैसे लोग मुस्लिम यूथ को जुल्म, जन्नत व जिहाद जैसे जुमलों में फांस कर तथा भारत विरोधी बनाकर जैश जैसे जानवरों की जमात में जमा कर देंगे। जैसे देश की राजनीति से भाई-भतीजावाद भाग रहा है, वैसे ही मुस्लिम समाज को भी भारत विरोधी मानसिकता के भाई भतीजों से समय रहते किनारा करना होगा।

**'मुस्लिम यूथ को बरगला रहे हैं मदनी':** विहिप प्रवक्ता ने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो मदनी जैसे कौम के कथित रहनुमा अपनी तकरीरों से मुस्लिम यूथ को देश के संविधान, न्याय व्यवस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान के खिलाफ भड़का रहे। हलाल से हो रही हराम की कमाई से अपना घर भरकर आतंकी मदरसे चलाते हुए देशद्रोहियों को पालने वाले कुछ कट्टरपंथियों को लग रहा है कि वे ऐसा कर दुनिया में भारत की बदनामी से ही अपना नाम और पैसा कमा लेंगे, तो उनका यह दिवास्वप्न पूरा नहीं होगा।

## बीएलओ को बढ़ा मानदेय नहीं दिया
# चुनाव आयोग ने बंगाल सरकार को दिया भुगतान करने का आदेश




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बीते दिनों बीएलओ के मानदेय को बढ़ाने का आदेश जारी किया था। ईसी के आदेश के बावजूद बंगाल की टीएमसी सरकार ने बीएलओ और निर्वाचन आयोग के अन्य अधिकारियों को बढ़े हुए मानदेय का भुगतान नहीं किया। इसे लेकर अब चुनाव आयोग ने आपत्ति जताई है। ईसी नेअगस्त में एक नोटिफिकेशन जारी किया, जिसमें लिखा 'शुद्ध मतदाता सूची लोकतंत्र के आधार हैं। मतदाता सूची तैयार करने वाली मशीनरी में इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ शामिल होते हैं। ईसी ने बीएलओ और अन्य अधिकारियों का सालाना मानदेय बढ़ाने का फैसला किया है।

### कर्मियों को जल्द भुगतान किया जाए

2015 से बीएलओ को सालाना मानदेय 6 हजार था, जिसे बढ़ाकर 12 हजार कर दिया गया है। वहीं मतदाता सूची के लिए पहले बीएलओ को एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती थी, जिसे अब बढ़ाकर 2 हजार कर दिया गया है। बीएलओ सुपरवाइजर को पहले 12 हजार का मानदेय मिलता था, जो अब बढ़ाकर 18 हजार कर दिया गया है। वहीं इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अधिकारी को 30 हजार और असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अधिकारी को 25 हजार का सालाना मानदेय मिलेगा। पहले इन अधिकारियों को कोई मानदेय नहीं मिलता था। ईसी ने कहा है कि हमने टीएमसी के एक प्रतिनिधिमंडल से कहा कि बीएलओ के बढ़ाए गए मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है।

## लखनऊ में पकड़ी गई बांग्लादेशी महिला
### निर्मला नाम से फर्जी आधार बनवाया व शादी भी कर ली

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ की एटीएस ने नरगिस अख्तर उर्फ निर्मला देवी उर्फ जैस्मिन को ठाकुरगंज से गिरफ्तार किया है। अख्तर का निर्मला देवी के नाम से भारतीय दस्तावेज बनवाने वाला उसका पति हरिओम आनंद भी गिरफ्त में है। अख्तर जलीकोठी की रहने वाली है। वह 2010 में टूरिस्ट वीजा पर भारत आई थी। उसने पहला फर्जी आधार कार्ड पश्चिम बंगाल में जेसिका विश्वास के नाम बनवाया था। 2022 में हरिओम ने लखनऊ से निर्मला के नाम से फर्जी भारतीय दस्तावेज बनवाए। इसी साल दोनों ने शादी की थी।

## खबर संक्षेप

### जया ने पपाराजी को कहा 'चूहा', कहां से आते हैं?

**लखनऊ।** जया बच्चन और पपाराजी का एकदम 'छत्तीस का आंकड़ा' है। वे पपाराजी पर भड़कती और चिल्लाते हुए देखी गई हैं। उन्होंने फिर इस बारे में बात की है। उन्होंने पपाराजी की हरकतों पर उन सेलिब्रिटीज पर भी गुस्सा निकाला, जो पैसे देकर पपाराजी को एयरपोर्ट पर बुलाते हैं। जया ने तो पपाराजी को 'चूहे' और 'गंदे पैंट पहने' वाला भी कह दिया।




### शादी में फायरिंग, दूल्हे की मौसी, दोस्त की मौत

**लुधियाना।** यहां शादी समारोह के दौरान गोलियां चलने के दौरान 2 लोगों की मौत हो गई। पक्खोवाल रोड स्थित बाथ कैस्टल पैलेस में शनिवार रात को शादी में उस समय भगदड़ मच गई। वहां 2 गैंगस्टर गुटों में रंजिशन ताबड़तोड़ गोलियां चलनी शुरू हो गई। दोनों तरफ से 50 के करीब राउंड फायर किए गए। दूल्हे की मौसी और दोस्त की मौत हो गई। एक घायल हो गया।




### चमोली में भूकंप के झटकों से दहशत

**चमोली।** उत्तराखंड में रविवार को एक बार फिर धरली डोली। चमोली के नारायणबगड़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इससे लोगों में दहशत फैल गई और लोग घरों भूकंप के झटके 10 बजकर 27मिनट पर, कर्णप्रयाग, नारायणबगड़, थराली और देवाल में महसूस हुए। भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई है। इस भूकंप में किसी तरह की नुकसान की सूचना नहीं है।



### अब 34 देशों में बजेगा भारतीय नोट का डंका

**नई दिल्ली।** देश की करेंसी अब वैश्विक स्तर पर अपनी ताकत दिखा रही है। भारतीय रुपया अब दुनिया के 34 देशों में स्वीकार किया जा रहा है। पहले यह आंकड़ा सिर्फ 18 देशों तक सीमित था। यह बदलाव भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था का बड़ा सबूत है। आरबीआई के अधिकारियों ने निर्यातकों के साथ हुई बैठक में यह जानकारी साझा की है। भारत का व्यापारिक दायरा एशिया से लेकर यूरोप और अमेरिका तक फैल गया है। फॉरेक्स एक्सचेंज डीलर एसोसिएशन के आंकड़ों ने सबको चौंका दिया है।

### 5 चोर पकड़े, 5 बाइक और स्कूटी बरामद

**पंचकूला।** अपराध पर शिकंजा कसने के लिए पंचकूला पुलिस ने रविवार सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच शहर में सर्च अभियान चलाया। बिना किसी पूर्व सूचना के पुलिस की सभी 5 क्राइम यूनिट्स ने एक साथ अचानक दबिश देकर अपराधियों पर शिकंजा कसने का काम किया। चोरी की पांच बाइक और एक स्कूटी बरामद की। पांच चोरों को भी काबू किया है।



# एलओसी से सटे पीओके में आतंकी 'लॉन्च पैड' अब भी मौजूद, सुरक्षा बल सतर्क : बीएसएफ

भाषा ▶▶| श्रीनगर

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिरीक्षक अशोक यादव ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किए जाने के बावजूद नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार कुछ आतंकवादी 'लॉन्च पैड' अब भी सक्रिय हैं। यादव ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नियंत्रण रेखा के पार कई आतंकवादी 'लॉन्च पैड' नष्ट कर दिए गए थे, लेकिन कुछ 'लॉन्च पैड' अब भी सक्रिय हैं, जहां आतंकवादी मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बल आतंकवादियों द्वारा कश्मीर में घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए सतर्क हैं। यादव ने कहा, ''सर्दियों से पहले पाकिस्तान की ओर से आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की हमेशा कोशिश होती है। जैसा कि आप जानते हैं, इन दिनों दृश्यता कम होती है, लेकिन हमारे पास आधुनिक निगरानी उपकरण हैं और हम संवेदनशील इलाकों पर प्रभावी ढंग से नजर रख रहे हैं। हमारी कोशिश घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने की है।''



### हर चुनौती सीखने का देती है अवसर

यादव ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' जारी है और पाकिस्तान द्वारा शांति को बाधित करने के किसी भी प्रयास का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद नियंत्रण रेखा पर तैयारियों में बदलाव के बारे में पूछे गए सवाल पर यादव ने कहा, ''हर चुनौती सीखने का अवसर देती है। हम उन चुनौतियों से जो कुछ भी सीखते हैं, उसे भविष्य की रणनीति में शामिल किया जाता है, ताकि नयी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके।

# दिल्ली में सड़क पर धूल प्रमुख प्रदूषक अत्यधिक धूल वाले 35 स्थान चिह्नित

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने रविवार को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर मौजूद धूल, प्रदूषण का एक प्रमुख कारण बनी हुई है। आयोग के उड़न दस्तों ने 'ऑपरेशन क्लीन एयर' के तहत दिल्ली भर में 321 सड़कों का निरीक्षण किया।

शनिवार को किए गए निरीक्षण का उद्देश्य यह पड़ताल करना था कि सड़कों पर कितनी धूल जमी है और क्या दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) और


### आयोग के उड़न दस्तों ने 'ऑपरेशन क्लीन एयर' के तहत दिल्ली भर में 321 सड़कों का निरीक्षण किया

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) सफाई, झाड़ू लगाने और धूल-निरोधक उपाय के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं या नहीं। जिन 321 मार्गों का निरीक्षण किया गया, उनमें से 35 पर धूल का स्तर बहुत अधिक, 61 पर मध्यम और 94 पर धूल का स्तर कम दिखाई पड़ा जबकि 131 मार्गों पर धूल नहीं दिखाई दी। आयोग ने एक बयान में बताया कि नतीजे एक बार फिर इस बात पर जोर देते हैं कि सड़कों पर धूल, खासकर सर्दियों में, दिल्ली में प्रदूषण का एक प्रमुख कारक है

बयान के मुताबिक, आयोग ने बताया कि इस समस्या से निपटने के लिए नियमित रूप से यांत्रिक सफाई, जमा हुई धूल को समय पर हटाना, फुटपाथों का रखरखाव और पानी का छिड़काव जरूरी है। जिन मार्गों की पड़ताल की गई, उनमें से सबसे अधिक 182 मार्ग एमसीडी के नियंत्रण वाली थीं और ज्यादा धूल वाले सभी सभी 35 क्षेत्र निगम के अधिकार क्षेत्र में पाए गए।

# पंजाब : शादी समारोह में प्रतिद्वंद्वी गुटों की गोलीबारी में दो मेहमानों की मौत

**लुधियाना (भाषा)।** लुधियाना के पखोवाल मार्ग पर एक शादी समारोह में विरोधी गुटों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात शादी समारोह में आमंत्रित किये गए लोगों के दो समूहों के बीच पुरानी रंजिश थी। एक गुट का नेतृत्व शुभम मोटा कर रहा था तो वहीं दूसरे का अंकुर। पुलिस के अनुसार शादी समारोह में दोनों गुटों के बीच किसी मद्दे को लेकर बहस हुई जो जल्द ही झड़प में बदल गई। पुलिस ने बताया कि शादी में कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया और उन्हें शांत करने की कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि इसके बाद दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक विवाह स्थल पर करीब 20-25 गोलियां चलाई गईं। पुलिस ने बताया कि इस घटना में वासु चोपड़ा और नीरू नाम के दो मेहमानों की मौत हो गई और घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने झगड़ा करने वाले समूहों को आमंत्रित करने वाले दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मैरिज पैलेस के प्रबंधन पर भी सुरक्षा दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है। लुधियाना के पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने बताया कि इस मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी में शामिल कुछ युवकों का पहले भी झगड़ा और मारपीट का इतिहास रहा है।



# अदूर गोपालकृष्णन ने राष्ट्रीय पुरस्कारों की आलोचना की, कहा-'घटिया फिल्मों' को दिया जा रहा है सम्मान

**तिरुवनंतपुरम (भाषा)।** दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित फिल्म निर्माता अदूर गोपालकृष्णन ने राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया है कि पिछले कुछ समय से घटिया स्तर की फिल्मों को यह सम्मान दिया जा रहा है। गोपालकृष्णन ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''अगर निर्णायक मंडल (जूरी) की गुणवत्ता अच्छी नहीं होगी तो वह सम्मान देने के लिए खराब फिल्मों का चयन करेगा। गोपालकृष्णन ने कहा कि अगर यही स्थिति बनी रही तो फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार देने की व्यवस्था को पूरी तरह से बंद कर देना ही बेहतर होगा। वरिष्ठ फिल्म निर्माता ने कहा, ''पिछले कुछ समय से साल की सबसे खराब फिल्मों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिल रहे हैं। इसकी जांच होनी चाहिए कि ऐसा कैसे हो रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पुरस्कारों की स्थापना का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण सिनेमा को मान्यता और बढ़ावा देना है लेकिन अब इसके ठीक विपरीत होता दिख रहा है। गोपालकृष्णन ने आरोप लगाया कि घटिया फिल्मों के चयन का एक प्रमुख कारण निर्णायक मंडल की अक्षमता है। उन्होंने कहा कि एक योग्य निर्णायक मंडल यह सुनिश्चित करेगा कि सही फिल्मों को सम्मानित किया जाए।



# सीजेआई सूर्यकांत ने कहा: लोकतांत्रिक ढांचे को सरल और प्रभावी तरीके से समझाया, इसे 'चारपाई' के समान बताया

### इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन इंडिपेंडेंस ऑफ ज्यूडिशियरी के उद्घाटन पर कहा

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने हरियाणा में एपी जैन ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन इंडिपेंडेंस ऑफ ज्यूडिशियरी के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र और न्यायपालिका की असली शक्ति पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में जस्टिस सूर्यकांत ने न्यायिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक ढांचे को बेहद सरल और प्रभावी तरीके से समझाया। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की तुलना एक चारपाई से करते हुए कहा कि हमारा लोकतांत्रिक ढांचा मजबूत लकड़ी के फ्रेम और टिकाऊ रस्सियों की तरह है जो एक तरफ स्थिर है, तो दूसरी तरफ परिस्थितियों के अनुसार लचीला भी।

हरियाणा में एपी जैन ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजन



संबोधन के दौरान सीजेआई सूर्यकांत

### केशवानंद के फैसले पर भी की बात

केशवानंद के फैसले पर बात करते हुए सीजेआई ने कहा कि जब यह ऐतिहासिक सुनवाई चल रही थी, उस समय भारत संवैधानिक जीवन के 23वें वर्ष में था। देश आदर्शवाद तथा शक्तियों के बीच संतुलन स्थापित करने की प्रक्रिया सीख रहा था।

### सुप्रीम कोर्ट के 13 जज भी रहे शामिल

इस सम्मेलन में एक विशेष सत्र भी रखा गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के 13 जजों ने मंच पर मौजूद रहते हुए केशवानंद भारती केस की ऐतिहासिक बहस को दोबारा रीक्रिएट किया। इस रिक्रिएशन में कई वरिष्ठ वकीलों ने भी हिस्सा लिया। अटॉर्नी जनरल की भूमिका वेंकटेश मणि ने निभाई, जबकि वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने भारत सरकार और केरल सरकार का पक्ष प्रस्तुत किया।

## तेलंगाना हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद पर यह फैसला दिया
# इस उम्र में तलाक लेकर कोई फायदा नहीं, 34 साल पुरानी शादी तोड़ने से किया साफ इनकार

### पति और पत्नी दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ दायर की थी अपील

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तेलंगाना हाईकोर्ट ने एक अनोखे और लंबे समय से चले आ रहे वैवाहिक विवाद पर ऐसा फैसला दिया, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया। अदालत ने साफ कहा कि इस उम्र में तलाक लेकर कोई फायदा नहीं। और यही बात अदालत के फैसले का आधार भी बनी। 34 साल पुरानी शादी को टूटने से रोकते हुए कोर्ट ने माना कि अब रिश्ते को कानूनी रूप से खत्म करना व्यावहारिक समाधान नहीं है।

### 17 साल तक चली कानूनी लड़ाई

इस केस में खास बात यह थी कि पति और पत्नी दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ अपील दायर की थी। 17 साल तक चली कानूनी लड़ाई, कई सुनवाई, पति की गुमशुदा स्थिति और बच्चों के वयस्क हो जाने के बाद अदालत ने महसूस किया कि तलाक का कोई ठोस उद्देश्य अब बचा ही नहीं है। इसलिए कोर्ट ने तलाक ही नहीं बल्कि पहले दिए गए ज्यूडिशियल सेपरेशन के आदेश को भी रद्द कर दिया। यह मामला 2008 में शुरू हुआ था, जब पति ने 1991 में हुई अपनी शादी को खत्म करने के लिए याचिका दायर की। पति पेशे से सिविल इंजीनियर ह। उनका आरोप था कि पत्नी लगातार उन पर बेवजह शक करती थी।



## नई दिल्ली में आज से सरस आजीविका फूड फेस्टिवल का आगाज
# 25 राज्यों के 500 से अधिक व्यंजनों का मिलेगा स्वाद

### केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज करेंगे उद्घाटन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आगामी सोमवार से नई दिल्ली स्थित सुंदर नर्सरी में आयोजित सरस आजीविका फूड फेस्टिवल 2025 का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी और केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान भी मौजूद रहेंगे। यह फेस्टिवल भारतीय संस्कृति और भोजन की विविधता को एक ही स्थान पर प्रदर्शित करेगा।

**62** स्टॉल लगाए गए

**300** से ज्यादा लखपति दीदीयां

11.30 से रात 9.30 बजे तक चलेगा




फूड फेस्टिव का नजारा

### विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक भी दिखेगी

सरस फूड फेस्टिवल में 62 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें 25 राज्यों की 300 से ज्यादा लखपति दीदियां और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भाग ले रही हैं। यह फेस्टिवल 9 दिसंबर तक चलेगा और सुबह 11.30 बजे से रात 9.30 बजे तक सभी दर्शकों के लिए खुला रहेगा।

भारतीय संस्कृति और भोजन की विविधता दिखेगी

**महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर**

यह फेस्टिवल महिला सशक्तिकरण की एक मजबूत मिसाल है। स्वसहायता समूहों की महिलाएं न केवल ग्रामीण उत्पाद बनाने में माहिर हैं।इसका उद्देश्य महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर देना है।

### इसमें कई राज्यों की दिखेगी विशेषता

इसमें हिमाचली सीडडू, उत्तराखंड की तंदूर चाय, जम्मू-कश्मीर का मशहूर कलारी कुल्चा, हैदराबादी दम बिरयानी, नॉर्थ-ईस्टर्न मोमो, बंगाली फ्राइड फिश, राजस्थान की कैर सागरी, गट्टे की सब्जी, बाजरे की रोटी, बंगाल की हिलसा फिश करी, तेलंगाना का चिकन, केरल की मालाबार बिरयानी, बिहार का लिट्टी-चोखा और पंजाब का सरसों का साग-मक्के की रोटी दिखेगी।

## मुरादाबाद में बस ने ऑटो को रौंदा
# दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| मुरादाबाद

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में रोडवेज बस ने एक ऑटो को रौंद दिया। खौफनाक हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं करीब 6 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक ऑटो चालक माटी ऊर्फ संजू परिवार के साथ एक शादी समारोह में जा रहा था। हादसा दिल्ली-लखनऊ हाईवे से कुछ दूर जीरो प्वाइंट के पास हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और एंबुलेंस पहुंच गई। घायलों को अस्पताल भेजवाया गया है। बताया जा रहा है, टक्कर इतनी भयानक थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य बुरी तरह घायल हो गए। सड़क के आस-पास मौजूद लोग बचाव के लिए दौड़े। वहीं पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद एंबुलेंस से घायलों अस्पताल भेजा गया। कुछ घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।



## चिंतन

# नई एफआईआर से संदेश कानून से ऊपर कोई नहीं

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज हुई है। इस मामले ने एक बार फिर सियासी गलियारों में हलचल मचा दी। साथ ही संदेश भी दिया है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। गलत काम किया है तो जांच का सामना भी करना पड़ेगा। सजा भी भुगतनी होगी। इस मुद्दे को लेकर सत्तापक्ष हमेशा से ही कांग्रेस के खिलाफ मुखर रहा है। भाजपा शुरू से ही आरोप लगाती रही है कि कांग्रेस नेताओं ने बड़े-बड़े घोटाले किए हैं, देश को बर्बाद कर दिया और हजारों करोड़ का गोलमाल कर देश को पीछे धकेलने का काम किया है। अब ईडी की शिकायत पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा नई एफआईआर दर्ज करने से उनके आरोपों को और बल मिला है। इस मामले को लेकर सत्तापक्ष के नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी और गांधी-वाड्रा परिवार एक भ्रष्ट परिवार है। वे कानून से ऊपर नहीं हैं। अगर आरोप हैं, तो एजेंसियां उसी हिसाब से अपनी जांच करेंगी। उनका कहना है कि नई एफआईआर दस्तावेजों और सबूतों के गहन अध्ययन के बाद दर्ज की गई है। कार्रवाई किसी भी तरह बदले की भावना से नहीं हुई। अदालत स्वतंत्र और निष्पक्ष है। जब प्राप्त साक्ष्य मिलते हैं, तब एफआईआर के लिए कहा जाता है। एफआईआर में साक्ष्य लगने के बाद कोर्ट उसको स्वीकार करता है। इस एफआईआर में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि कांग्रेस के स्वामित्व वाली संस्था एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का धोखाधड़ी से अधिग्रहण किया गया था। इसकी कुल संपत्ति 2000 करोड़ रुपये थी। कोलकाता की डोटेक्स मर्चेंडाइज ने यंग इंडियन को 1 करोड़ रुपये दिए, जिसके बाद यंग इंडियन ने कांग्रेस को 50 लाख रुपये चुकाकर एजेएल पर अपना नियंत्रण हासिल कर लिया। यंग इंडियन के माध्यम से यह अधिग्रहण संपन्न हुआ था और गांधी परिवार की इसमें 76 फीसदी हिस्सेदारी थी। ईडी ने 9 अप्रैल, 2025 को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और डोटेक्स के प्रमोटर के खिलाफ नेशनल हेराल्ड/ एसोसिएटेड जर्नल्स प्राइवेट लिमिटेड (एजेएल) से जुड़े कथित मनी लान्ड्रिंग मामले में एक चार्जशीट दायर की थी। इसी सिलसिले में यह नई एफआईआर दर्ज हुई है। यह मामला सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में उठाया था। उन्होंने दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में एक याचिका दाखिल करते हुए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के ही मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे पर घाटे में चल रहे नेशनल हेराल्ड अखबार को धोखाधड़ी और पैसों की हेराफेरी के जरिए हड़पने का आरोप लगाया था। आरोप के मुताबिक, कांग्रेसी नेताओं ने नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों पर कब्जे के लिए यंग इंडियन लिमिटेड ऑर्गेनाइजेशन बनाया और उसके जरिए नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन करने वाली एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) का अवैध अधिग्रहण कर लिया। अब दिल्ली पुलिस जल्द ही एजेएल के शेयरधारकों को तलब कर सकती है, ताकि यह पता चले कि क्या इस ट्रांसफर से पहले कांग्रेस ने उनसे अनुमति ली थी। अब इस मामले में आगे क्या होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन फिलहाल कांग्रेस के बड़े नेताओं की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।



संसद का सत्र
डॉ. पवन कुमार शर्मा

# जनता की उम्मीदें जीतेंगी या राजनीति

**संसद का शीतकालीन सत्र इस बार 1 से 19 दिसंबर तक चलेगा। यह 18वीं लोकसभा का छठा सत्र है। इस शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कुल 15 बैठकें होंगी। इस छोटे लेकिन अहम सत्र में सरकार 10 नए बिल पेश करेगी और 2 अहम बिलों को सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर दोबारा मंजूरी के लिए सदन में लाएगी। यह आर्थिक सुधारों, मतदाता सूची की पारदर्शिता, सांस्कृतिक मुद्दों और पर्यावरण नीति के संदर्भ में निर्णायक साबित हो सकता है। संसद का शीतकालीन सत्र अगर रचनात्मक ढंग से चलता है तो देश की नीति एवं दिशा को सकारात्मक गति मिल सकती है, अन्यथा यह अवसर एक बार फिर टैक्सपेयर की गाढ़ी कमाई की बर्बादी ही साबित होगा।**

संसद का शीतकालीन सत्र इस बार 1 से 19 दिसंबर तक चलेगा। यह 18वीं लोकसभा का छठा सत्र है। शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कुल 15 बैठकें होंगी। इस छोटे लेकिन अहम सत्र में सरकार 10 नए बिल पेश करेगी और 2 अहम बिलों को सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर दोबारा मंजूरी के लिए सदन में लाएगी। शीतकालीन सत्र में इस बार केंद्र सरकार का फोकस आर्थिक सुधार, निवेश-प्रोत्साहन, बुनियादी ढांचा विकास, शिक्षा सुधार, सुशासन व कानून-व्यवस्था जैसे विषयों पर है।

मानसून सत्र में सेलेक्ट कमेटी के पास भेजे गए दो विधेयकों- जन विश्वास विधेयक 2025 एवं भारत में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) संशोधन विधेयक पर इस सत्र में पुनर्विचार एवं पारित होने की संभावना है। जन विश्वास विधेयक दर्जनों छोटे कंप्लायंस संबंधी अपराधों को डिक्रिमिनलाइज करता है जबकि आईबीसी संशोधन विधेयक में बड़े बदलावों के जरिए कर्जदार-लेनदार के विवादों को तेजी से खत्म करने पर फोकस है। इस विधेयक का उद्देश्य प्रक्रियात्मक अनुशासन को कड़ा करना, जटिल कॉर्पोरेट संरचनाओं के लिए समूह दिवालियापन की रूपरेखा पेश करना और सीमा-पार दिवालियापन के मामलों को संभालना है। इसमें सरकार के बकाया को 'सेक्योर्ड क्रेडिटर' मानने जैसे सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों को बदलने का भी प्रस्ताव है। संसद के विंटर सेशन के दौरान जिन 10 नए विधेयकों के पेश होने की संभावना है उनमें एटॉमिक एनर्जी बिल, 2025 प्रमुख है जो नागरिक परमाणु ऊर्जा सेक्टर में निजी कंपनियों को भागीदारी की अनुमति देने और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र का नया नियामक ढांचा स्थापित करने का प्रस्ताव करता है। दूसरा महत्वपूर्ण बिल हायर एजुकेशन कमिशन ऑफ इंडिया बिल 2025 है जो उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता, मान्यता, शासन-संरचना आदि सुधारने के लिए एक नया आयोग स्थापित करने का प्रयास करता है। इसी तरह नेशनल हाइवेज संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, भूमि अधिग्रहण, पारदर्शिता और गति को बेहतर बनाने के लिए संशोधन का प्रस्ताव करता है। कॉर्पोरेट लॉज संशोधन विधेयक 2025, कंपनी कानूनों में सुधार व अद्यतन व्यापार-नियमों और कॉर्पोरेट संचालन में बदलाव का प्रस्ताव करता है। सिक्योरिटीज मार्केट्स कोड बिल 2025, प्रतिभूति बाजार संबंधित कई पुराने कानूनों को एक समेकित कोड में बदलने का प्रस्ताव करता है ताकि विनियमन और निवेश आसान हो सके। इंश्योरेंस लॉज संशोधन विधेयक 2025, बीमा क्षेत्र में सुधार, निवेश-पर्यावरण सुगम बनाने और मार्केट विस्तार के लिए कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव करता है। आर्बिट्रेशन एवं कॉन्सिलिएशन संशोधन विधेयक 2025, मध्यस्थता व सुलह प्रक्रियाओं को द्रुत व सरल बनाने हेतु संशोधन का प्रस्ताव करता है। रिपीलिंग एवं संशोधन विधेयक 2025, पुराने, अप्रयुक्त या अव्यवहार्य कानूनों को निरस्त या संशोधित करने से संबंधित है। मणिपुर जीएसटी संशोधन विधेयक 2025, मणिपुर के लिए माल एवं सेवा कर अधिनियम में संशोधन से जुड़ा बिल है जिससे राजस्व व स्थानीय कानून–व्यवस्था से जुड़ी व्यवस्थाएं सुधारने का प्रस्ताव है। इसके अलावा संविधान विधेयक 2025, संवैधानिक स्तर पर कुछ



प्रावधानों में बदलाव के लिए एक महत्वपूर्ण विधेयक है जो संविधान के प्रावधानों को अद्यतन या संशोधित करने का प्रस्ताव करता है। 18वीं लोक सभा का छठा सत्र देश की राजनीति, कानून और नीति निर्माण के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2025 का यह शीत सत्र कई संवेदनशील मुद्दों और बड़े सुधारों के कारण विशेष रूप से चर्चा में है। दिल्ली एनसीआर में वायु-प्रदूषण एक गंभीर चुनौती बन चुका है। विंटर सेशन में विपक्ष इस मुद्दे को 'स्वास्थ्य आपातकाल' की तरह उठाने का मंसूबा जाहिर कर चुका है। हालांकि यह विषय सत्र के आधिकारिक एजेंडे में नहीं है, फिर भी यह जनता के जीवन-स्तर से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है।

देश के 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर इस सत्र के दौरान गहमागहमी होने के पूरे आसार हैं। तमाम विपक्षी दल इस प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और मतदाता बहिष्करण के जोखिम की बातें कई महीनों से उठा रहे हैं, लिहाजा विरोधी दलों की तरफ से इस मुद्दे पर विस्तृत बहस की मांग की जा रही है। 'वन्दे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा को एजेंडे में विशेष रूप से शामिल किया गया है। यह सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पहचान से जुड़ा विषय है लिहाजा इसमें संवेदनशीलता तो है लेकिन इस मुद्दे पर सियासत और राजनीतिक बयानबाजी भी खूब हो रही है। सरकार के प्रस्तावित एजेंडा के साथ-साथ, विपक्ष की ओर से कुछ गंभीर चिंताएं व तैयारियां देखी जा रही हैं जो शीतकालीन सत्र को चुनौतीपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक बना सकती हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दल पहले ही तीखी नाराजगी जता चुके हैं। उनका आरोप है कि इसमें राजनीतिक दुरुपयोग हो सकता है। इस तरह की बहसों में राजनीतिक, क्षेत्रीय और धार्मिक मतभेद भी खुलकर सामने आ सकते हैं। आर्थिक सुधारों को लेकर खासकर दिवालियापन व निजी क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा विषय पर विपक्ष यह सवाल उठाता रहा है कि इससे रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और छोटे उद्योगों की स्थिति पर क्या असर पड़ेगा। साथ ही, यदि सत्र में पर्याप्त समय नहीं दिया गया या सार्वजनिक बहस सीमित रही तो नीतिगत बदलावों और संवैधानिक संशोधनों पर व्यापक सामाजिक विमर्श नहीं हो सकने का जोखिम भी है। सत्र की छोटी अवधि यानी महज 15 बैठकों में इतने महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत बहस कठिन है। इसमें जल्दबाजी या आधी-अधूरी चर्चा का जोखिम है। यदि प्रक्रियाएं जल्दबाजी में होंगी तो जनता और विशेषज्ञ समूहों की भागीदारी कम हो सकती है, जिससे नीतियों पर भरोसा घटने का खतरा है।

सच्चाई यह भी है कि संसद के मानसून सत्र के दौरान मतदाता पुनरीक्षण का मामला हावी रहा था और उत्पादकता में भारी कमी आई थी। 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चले मानसून सत्र के दौरान लगभग दो-तिहाई समय व्यवधान की भेंट चढ़ा था। 18वीं लोकसभा में अब तक के सत्रों की यह सबसे कम उत्पादकता है। प्रश्नकाल के दौरान, लोक सभा में निर्धारित समय का केवल 23% तथा राज्य सभा में केवल 6% ही काम हो सका। 18वीं लोक सभा का यह शीतकालीन सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह आर्थिक सुधारों, मतदाता सूची की पारदर्शिता, सांस्कृतिक मुद्दों और पर्यावरण नीति के संदर्भ में निर्णायक साबित हो सकता है। लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या सरकार और विपक्ष मिलकर लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हुए संवेदनशील और गंभीर बहस कर पाते हैं। संसद का शीतकालीन सत्र अगर रचनात्मक ढंग से चलता है तो देश की नीति एवं दिशा को सकारात्मक गति मिल सकती है, अन्यथा यह अवसर एक बार फिर टैक्सपेयर की गाढ़ी कमाई की बर्बादी ही साबित होगा

(लेखक संसद टीवी में कार्यरत हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

गीता जयंती विशेष
डॉ. सुशील टाया



# गीतामय पंच परिवर्तन

कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः।
लोकसंग्रहमेवापि सम्पश्यन् कर्तुमर्हसि॥

महाभारत के युद्ध में अर्जुन का मन जब विषादों से भर जाता है तब भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को कहते हैं कि हे अर्जुन, व्यक्ति की महानता पलायन और कर्म से विमुख होने में नहीं, बल्कि निःस्वार्थ भाव से कर्म करते हुए लोकहित में कार्य करने में है। प्रत्येक व्यक्ति कर्तव्य और आचरण से व्यापक सामाजिक परिवर्तन का कारण बन सकता है। व्यक्ति अपने कर्म, अनुशासन व चरित्र से उत्तमता प्राप्त कर सकता है। एक कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति अपने परिवार को संस्कारित और संगठित बनाता है। इससे समाज संगठित और कर्तव्यनिष्ठ होगा, तो निश्चित तौर पर राष्ट्र शक्तिशाली बनेगा। इससे विश्व कल्याण और विश्व बंधुत्व की भावना को भी बल मिलेगा, जिससे सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्व-बोध व पर्यावरण संरक्षण को बल मिलता है। गीता के तीसरे अध्याय के बीसवें श्लोक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विश्व-कल्याण के पंच परिवर्तन का सार स्पष्ट रूप से निहित दिखाई देता है। गीतामय पंच परिवर्तन हमें मानवता के कल्याण की ओर ले जाते हैं।

**नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः।**
**उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः॥**

गीता के दूसरे अध्याय का सोलहवां श्लोक हमें बताता है कि सत्य शाश्वत है और असत्य क्षणिक। यही संदेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्व-बोध परिवर्तन का आधार बनता है, जो प्रत्येक व्यक्ति में अपनी संस्कृति, इतिहास और पहचान के प्रति आत्मगौरव जगाता है। जब हम अपने सत्य को पहचानते हैं, तभी राष्ट्रनिर्माण की मजबूत नींव रखी जाती है।

**आत्मौपम्येन सर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन ।**
**सुखं वा यदि वा दुःखं सः योगी परमः मतः ॥**

गीता के छठे अध्याय का बत्तीसवां श्लोक हमें बताता है कि सच्चा योग वही है जो अपने अंदर और समाज में समानता का अनुभव करता है। जब व्यक्ति स्वयं को और दूसरे को एक ही दिव्य चेतना का अंश समझने लगता है, तभी भेदभाव मिटते हैं। समाज का प्रत्येक घटक सम्मान का पात्र है और किसी प्रकार का ऊंच-नीच, जात-पात, भेदभाव हमारे राष्ट्रीय चरित्र के विपरीत है। सभी को अपने समान देखना ही वास्तविक समरस समाज का आधार बनता है और यही संदेश गीता से संघ के समरसता-परिवर्तन को दिशा देता है।

**अधर्माभिभवात्कृष्ण प्रदुष्यन्ति कुलस्त्रियः।**
**स्त्रीषु दुष्टासु वार्ष्णेय जायते वर्णसंकरः॥**

गीता के पहले अध्याय के 41वें श्लोक में परिवार को समाज की मूल इकाई माना गया है। जब परिवार में धर्म, संस्कार और नैतिक मूल्य मजबूत रहते हैं, तो समाज की नींव भी मजबूत होती है। अधर्म के बढ़ने से परिवार और कुल का पतन होता है, जिससे समाज में अस्थिरता आती है। इसलिए कुटुम्ब प्रबोधन का उद्देश्य परिवार को जागरूक और संस्कारित करना है, ताकि प्रत्येक सदस्य अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझे और परिवार से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दृष्टिकोण में भी परिवार जागरण इसी सिद्धांत पर आधारित है, जो व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता है।

**श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात।**
**स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः।।**

गीता के तीसरे अध्याय के पैंतीसवें श्लोक में हमें अपने स्वधर्म का पालन करने का महत्व बताया गया है। प्रत्येक नागरिक का अपने समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाना सर्वोच्च है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दृष्टिकोण से, यह नागरिक कर्तव्य-जैसे ईमानदारी, अनुशासन, समाज सेवा, राष्ट्रहित में कार्य करना-हमारे जीवन का मूल आधार है। गीता के अनुसार सभी जीव और प्राणी प्रकृति के साथ गहरे संबंध में हैं। तीसरे अध्याय के तेरहवें श्लोक में हमें यह समझने का संदेश देता है कि प्रकृति ही हमारे जीवन का आधार है और उसके संसाधनों का संतुलित उपयोग करना हमारा कर्तव्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को समाजिक कर्तव्य मानता है। यह श्लोक हमें यह प्रेरणा देता है कि हम प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखें, अपव्यय से बचें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित करें। गीता में प्रत्येक समास्या का समाधान है। बस जरूरत है कि व्यक्ति निर्माण का कार्य किया जाए। संघ का मूल उद्देश्य भी व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का है। गीता व्यक्ति को सही मार्ग दिखाती है। गीतामय पंच परिवर्तन व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इसी में विश्व कल्याण और विश्व बंधुत्व की भावना निहित है।

( लेखक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शिक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिवत्व की साधना



संकलित
दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

## दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि



संकलित
प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद एक बार कहीं जा रहे थे। रास्ते में नदी पड़ी तो वे वहीं रुक गए क्योंकि नदी पार कराने वाली नाव कहीं गई हुई थी। स्वामीजी बैठकर राह देखने लगे कि उधर से नाव लौटे तो नदी पार की जाए। एका-एक वहां एक महात्मा भी आ पहुंचे। स्वामीजी ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय लिया। बातों ही बातों में महात्माजी को पता चला की स्वामीजी नदी किनारे नाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महात्मा जी बोले, अगर ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं को देखकर रुक जाओगे तो दुनिया में कैसे चलोगे? तुम तो स्वामी हो, बड़े आधात्यात्मिक गुरु और दार्शनिक माने जाते हो। जरा सी नदी नहीं पार कर सकते? देखो, नदी ऐसे पार की जाती है। महात्मा जी खड़े हुए और पानी की सतह पर तैरते हुए लंबा चक्कर लगाकर वापस स्वामी जी के पास आ खड़े हुए। स्वामीजी ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा, महात्माजी, यह सिद्धि आपने कहां और कैसे पाई? महात्मा जी मुस्कुराए और बड़े गर्व से बोले, यह सिद्धि ऐसे ही नहीं मिल गई। इसके लिए मुझे हिमालय की गुफाओं में तीस साल तपस्या करनी पड़ी। महात्मा की इन बातों को सुनकर स्वामी जी मुस्करा कर बोले, आपके इस चमत्कार से मैं आश्चर्यचकित तो हूं लेकिन नदी पार करने जैसे काम जो दो पैसे में हो सकता है, उसके लिए आपने अपनी जिंदगी के तीस साल बर्बाद कर दिए। यानी दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि! ये तीस साल अगर आप मानव कल्याण के किसी कार्य में लगाते या कोई दवा खोजने में लगाते, जिससे लोगों को रोग से मुक्ति मिलती तो आपका जीवन सचमुच सार्थक हो जाता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी

कम करें, पुनः उपयोग करना, रीसायकल करना एक ऐसा टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन है, जो सामाजिक रूप से स्वीकार्य और पर्यावरण के अनुकूल है। अपशिष्ट उत्पाद आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले प्रदूषण का कारण बनता है। कम करना, पुनः उपयोग करना और रीसायकल करना भूमि, वायु और जल प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक को खत्म करने के तीन बेहतरीन तरीके हैं। कम करने का मतलब है कि अपशिष्ट की मात्रा कम हो जाती है। अपशिष्ट में कमी का सीधा मतलब है उन चीज़ों को कम करना जिन्हें हम उपयोग करते हैं और केवल वही उपयोग करते हैं जो आवश्यक है। चीज़ों को कम करके हम बहुत सारा पैसा भी बचा सकते हैं। बहरहाल अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी है। *– मोहन देवांगन, भिलाई*

## करंट अफेयर

### आयु सीमा बढ़ने से 37 लाख चीनी ने दी सिविल सेवा परीक्षा

पात्रता आयु सीमा 35 वर्ष से अधिक किए जाने के बाद पहली राष्ट्रीय सिविल सेवा परीक्षा में रविवार को 37 लाख से अधिक चीनी नागरिक उपस्थित हुए, जिससे देश में बढ़ती बेरोजगारी के दबाव के बीच सरकारी नौकरियों की मांग में वृद्धि का संकेत मिलता है। यह परीक्षा देश की केंद्र सरकार और उसके विभागों में पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन करती है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, 37 लाख से ज़्यादा चीनी नागरिक इस परीक्षा में शामिल हुए, जिसका मतलब है कि औसतन लगभग 98 आवेदक एक उपलब्ध पद के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, इनमें से लगभग 70 प्रतिशत रिक्तियां नए कॉलेज स्नातकों के लिए आरक्षित हैं। चीन ने इस परीक्षा के लिए पात्रता आयु सीमा को सामान्यतः 38 वर्ष कर दिया है। पात्रता की उम्र सीमा को 35 वर्ष से बढ़ाए जाने को स्वागत योग्य कदम माना जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि नये स्नातक से लेकर मास्टर और डॉक्टरेट कार्यक्रमों के लिए आयु सीमा को और कम करके 43 वर्ष कर दिया गया है। यह चीन द्वारा हाल में विदेशी विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित पेशेवरों के लिए के–वीजा की घोषणा के बाद पहली परीक्षा है।



## ऑफ बीट

### ठंड में फंसने पर शरीर के साथ क्या होता है



तापमान में गिरावट के प्रति शरीर की प्रतिक्रिया को वाहिका संकीर्णन कहा जाता है जो रक्त वाहिकाओं की दीवारों में छोटी मांसपेशियों द्वारा संकुचन है। अगर तापमान शून्य से कम चार डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला जाता है तो वैसोकंस्ट्रिक्शन रक्त में बर्फ के क्रिस्टल बनने से भी रोकता है। जब शरीर के अंदरुनी अंगों का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला जाता है तो हाइपोथर्मिया होता है। इसका मतलब है कि शरीर पर्याप्त गर्मी पैदा करने में असमर्थ है। हल्के चरण में शरीर का तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच गिर जाता है। दिल की धड़कन तेज हो जाती है, सांस लेने की दर और रक्तचाप बढ़ जाता है तथा कंपकंपी से मांसपेशियां तनावग्रस्त हो जाती हैं। मध्य चरण में शरीर का तापमान 28 से 32 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। इस चरण में शरीर के सभी अंगों के काम करने की गति धीमी हो जाती है और कंपकंपी बंद हो जाती है। गंभीर चरण में शरीर का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के नीचे चला जाता है और शरीर के ज्यादातर अंग काम करना बंद कर देते हैं। इस चरण तक ज्यादातर लोग अचेत हो जाते हैं। दिल और फेफड़ों की स्थिति बिगड़ जाती है।

## ट्रेंड

### गीता महोत्सव



सऊदी अरब और लातविया में गीता महोत्सव उल्लेखनीय प्रयास हैं, जो प्रवासी भारतीयों तथा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति उत्साही लोगों के साथ सांस्कृतिक जुड़ाव को गहरा करते हैं।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### ज़हरीली हवा



मैं जिस भी माँ से मिलता हूँ, वह मुझे एक ही बात कहती है कि उसका बच्चा ज़हरीली हवा में सांस लेते हुए बड़ा हो रहा है। मोदी जी, भारत के बच्चे हमारे सामने घुट रहे हैं। आपकी सरकार कोई तत्परता, कोई योजना, कोई जवाबदेही क्यों नहीं दिखाती?
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### स्वच्छ हवा और हरियाली



भाजपा सरकार पैसे के लालच में लखनऊ के 'हरित-हृदय' जनेश्वर मिश्र पार्क को अपनी इंवेटबाजी से दूर रखे। लखनऊ के नागरिकों का स्वच्छ हवा और हरियाली पर पूरा अधिकार है। हम सबको मिलकर एक नागरिक आंदोलन की तरह इसका पुरज़ोर विरोध करना चाहिए।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### उज्ज्वला योजना



उज्ज्वला योजना के अंतर्गत नए गैस कनेक्शन और सिलेंडर दिल्ली की गृहणियों को रसोई के धुएं से राहत देंगे और प्रदूषण को कम करके घरों और वातावरण दोनों को अधिक सुरक्षित बनाएंगे। हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह योजना हर ज़रूरतमंद परिवार तक पहुंचे।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# कोहली ने खेली विराट पारी, जड़ा शतक, बने नंबर 1 बल्लेबाज

## भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराया

**रांची (भाषा)।** भारत ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (135 रन) के 52वें वनडे शतक के बाद तेज गेंदबाज हर्षित राणा (तीन विकेट) और कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव (चार विकेट) के झटकों की बदौलत रविवार को यहां पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। दूसरा वनडे तीन दिसंबर को रायपुर में खेला जाएगा। कोहली ने 120 गेंद की तेज पारी के दौरान 11 चौके और सात छक्के जमाए जिससे भारत ने आठ विकेट पर 349 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। क्रिकेट के एकमात्र इस प्रारूप में खेलने वाले कोहली ने फिर अपनी अहमियत और दबदबे को साबित किया। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए रोहित शर्मा (51 गेंद में 57 रन) के साथ 136 रन की साझेदारी करके जेएससीए स्टेडियम की सपाट पिच पर भारत के बड़े स्कोर की नींव रखी। कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने 56 गेंद में 60 रन की अर्धशतकीय पारी खेली और रविंद्र जडेजा ने 20 गेंद में 32 रन का योगदान दिया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत काफी खराब हुई, उससे 11 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। पर मैथ्यू बीट्ज़के (72 रन), मार्को यानसन (70 रन) और कॉर्बिन बॉश (67 रन) ने शानदार अर्धशतकीय पारियां खेली लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके जो 49.2 ओवर में 332 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। कुलदीप ने 68 रन देकर चार विकेट और हर्षित राणा ने 65 रन देकर तीन विकेट झटके।

## विराट बने साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे शतक जड़ने वाले प्लेयर

एजेंसी ▶▶| रांची

विराट कोहली का नाम पहले से ही वनडे क्रिकेट के दिग्गज प्लेयर्स में शुमार है और उनका ये वनडे में 52वां शतक है। उनसे ज्यादा शतक इस फॉर्मेट में किसी और बल्लेबाज ने नहीं लगाए हैं। 49 शतकों के साथ दूसरे नंबर पर सचिन तेंदुलकर हैं। रविवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में विराट कोहली ने 120 गेंदों में कुल 135 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। शतक जड़ने के साथ वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे शतक जड़ने वाले प्लेयर बन गए हैं। उन्होंने अफ्रीकी टीम के खिलाफ अभी तक 6 वनडे शतक लगाए हैं। कोहली ने सचिन तेंदुलकर और डेविड वॉर्नर का कीर्तिमान तोड़ दिया है। सचिन और वॉर्नर ने अफ्रीकी टीम के खिलाफ वनडे क्रिकेट में कुल 5-5 शतक ठोके थे। अब कोहली इन प्लेयर्स को पीछे छोड़कर पहले नंबर की कुर्सी पर विराजमान हो गए हैं।

### भारतीय टीम के लिए साल 2008 में किया था डेब्यू

विराट कोहली ने भारतीय टीम के लिए वनडे क्रिकेट में साल 2008 में डेब्यू किया था और इसके बाद से ही वह टीम की अहम कड़ी बन गए। उन्होंने अभी तक टीम इंडिया के लिए 306 वनडे मैचों में कुल 14388 रन बनाए हैं, जिसमें 52 शतक और 75 अर्धशतक लगाए हैं।



### रोहित बने वनडे के नए सिक्सर किंग

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने वनडे क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया है। रोहित शर्मा वनडे के नए सिक्सर किंग बन गए हैं। रोहित पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी की बादशाहत खत्म करते हुए वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रांची में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच में रोहित ने शाहिद अफरीदी का सबसे ज्यादा वनडे सिक्स जड़ने का रिकॉर्ड ध्वस्त किया। रोहित शर्मा के नाम अब **ODI** क्रिकेट में 352 छक्के हो गए हैं। उन्होंने 277 वनडे मैचों की 269 पारियों में यह मुकाम हासिल किया।

### विराट का 9 महीने बाद शतक, ठोका कॅरियर का 83वां सैकड़ा

विराट कोहली ने साउथ अफ्रीका के खलिाफ रांची में पहले वनडे में शतक लगाया। यह उनके इंटरनेशनल करियर का 83वां सैकड़ा है। जबकि 9 महीने बाद उन्होंने वनडे क्रिकेट में शतक लगाया।

### वनडे में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज

- 352* - रोहित शर्मा, भारत
- 351- शाहिद अफरीदी, पाकिस्तान
- 331 - क्रिस गेल, वेस्टइंडीज
- 270 - सनथ जयसूर्या, श्रीलंका
- 229 - एमएस धोनी, भारत

### रोहित-कोहली ने तेंदुलकर और द्रविड़ का रिकॉर्ड तोड़ा

- सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ - 391
- रोहित शर्मा और विराट कोहली - 391
- राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली - 369
- सचिन तेंदुलकर और अनिल कुंबले - 367
- सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली - 341

### स्कोर बोर्ड

| भारत स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का डिकॉक बो बर्गर | 18 | 16 | 2 | 1 |
| रोहित शर्मा पगबाधा यानसन | 57 | 51 | 5 | 3 |
| कोहली का रिकेल्टन बो बर्गर | 135 | 120 | 11 | 7 |
| गायकवाड का ब्रेविस बो बार्टमैन | 08 | 14 | 0 | 0 |
| सुंदर का बॉश बो बार्टमैन | 13 | 19 | 0 | 1 |
| राहुल का डिकॉक बो यानसन | 60 | 56 | 2 | 3 |
| जडेजा का मारक्रम बो बॉश | 32 | 20 | 2 | 1 |
| हर्षित राणा नाबाद | 03 | 2 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह बो बॉश | 00 | 1 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 23
कुल योग : 50 ओवर में 8 विकेट पर 349 रन
गेंदबाजी : यानसन 10-0-76-2, बर्गर 10-0-65-2, बॉश 10-0-56-2, बार्टमैन 10-0-60-2, सुब्रयन 10-0-73-0

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका | |
|---|---|
| एडन मारक्रम का राहुल बो अर्शदीप | 07 |
| रेयान रिकल्टन का हर्षित राणा | 00 |
| क्विंटन डिकॉक का राहुल बो हर्षित राणा | 00 |
| मैथ्यू ब्रीट्ज्के का कोहली बो कुलदीप | 72 |
| टोनी डिज़ॉर्जी पगबाधा बो कुलदीप | 39 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का गायकवाड बो हर्षित राणा | 37 |
| मार्को यानसन का जडेजा बो कुलदीप | 70 |
| कॉर्बिन बॉश का रोहित बो प्रसिद्ध कृष्णा | 67 |
| प्रेनलन सुब्रयन का राहुल बो कुलदीप | 17 |
| नांद्रे बर्गर का राहुल बो अर्शदीप | 17 |
| ओटनील बार्टमैन नाबाद | 00 |

**अतिरिक्त : 06**
**कुल** : 49.2 ओवर में 332 रन पर सभी आउट
**विकेट पतन** : 1-7, 2-7, 3-11, 4-77, 5-130, 6-227, 7-228, 8-270, 9-312
**गेंदबाजी** : अर्शदीप सिंह 10-1-64-2, हर्षित राणा 10-0-65-3, वाशिंगटन सुंदर 3-0-18-0, प्रसिद्ध कृष्णा 7.2-1-48-1, कुलदीप यादव 10-0-68-4, रविंद्र जडेजा 9-0-66-0

## खबर संक्षेप



### स्क्वाश इंडियन टूरः सेंथिलकुमार अनाहत होंगे खिताब के दावेदार

**चेन्नई।** शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलवन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह सोमवार से शुरू हो रहे एचसीएल स्क्वाश इंडियन टूर 4 में खिताब के दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। पंद्रह हजार डॉलर पुरस्कार राशि वाले इस पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता में अनुभवी जोशना चिनप्पा (पूर्व महिला विश्व नंबर 10 हैं) और पुरुष विश्व नंबर 51 वीर चोटरानी सहित कई अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश करेंगे। सेंथिलकुमार, अनाहत, जोशना, और एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाले अभय सिंह 9 से 14 दिसंबर के बीच इस महानगर में होने वाले आगामी एसडीटी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं। अभय इस सप्ताह हांगकांग में पीएसए प्लैटिनम स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे।

### राष्ट्रमंडल खेलों में लग सकते हैं 3 हजार करोड़ से अधिक




**नई दिल्ली।** 2030 राष्ट्रमंडल खेल के लिए जल्द ही गठित होने वाली अहमदाबाद की आयोजक समिति इस टूर्नामेंट को 3,000 से 5,000 करोड़ रुपए की परिचालन लागत में आयोजित करने का लक्ष्य रखेगी। खेलों की योजना बनाने में नजदीकी तौर पर शामिल एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार खेल और सार्वजनिक उपयोगिता सुविधाओं सहित चल रहे बुनियादी ढांचा उन्नयन के लिए अनुमान अभी तय किए जा रहे हैं ताकि इस टूर्नामेंट की कुल लागत को अंतिम रूप दिया जा सके। सूत्र ने बताया कि गुजरात ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों से जरूरी सबक लिया है क्योंकि वे कई विवादों में घिर गए थे, जिनमें बुनियादी ढांचे में देरी, भ्रष्टाचार के आरोप और शुरुआती अनुमान से कहीं अधिक बढ़ी हुई लागत शामिल थी। उन्होंने कहा, 'अहमदाबाद राष्ट्रमंडल खेलों की परिचालन लागत 3,000 से 5,000 करोड़ रुपए के बीच होगी। इसमें पूंजीगत व्यय शामिल नहीं है जो किसी अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण में लगाया जाएगा, जिनमें से कुछ शहरी विकास विभाग की ओर से संभाले जा रहे हैं।

# अभिषेक ने 284 के स्ट्राइक रेट से महज 32 गेंदों में ठोकी सेंचुरी, लगाए 16 छक्के और 8 चौके

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

अभिषेक शर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 284 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट 148 रनों की पारी खेली। अभिषेक ने पंजाब बनाम बंगाल मैच में 16 चौके और 8 छक्कों की मदद से केवल 52 गेंदों पर 148 रन ठोक दिए। उनकी यह पारी टी20 सीरीज से पहले साउथ अफ्रीका को डराने के लिए काफी है। अभिषेक ने सिर्फ 12 गेंद पर अर्धशतक और 32 गेंदों पर शतक पूरा किया। प्रभसिमरन सिंह के साथ पारी की शुरुआत करते हुए अभिषेक ने मोहम्मद शमी और आकाशदीप जैसे गेंदबाजों से लैस गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं। इन दोनों के साथ-साथ सक्षम चौधरी और ऋतिक चटर्जी के खिलाफ 15 रन प्रति ओवर से ज्यादा रन बनाए।



अभिषेक ने अपना अर्धशतक पूरी करने के लिए पांच चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने टी20 में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने के मामले में अपने गुरु युवराज सिंह की बराबरी कर ली।

## केरल ने छत्तीसगढ़ को हराया, सैमसन ने खेली आक्रामक पारी

**लखनऊ।** संजू सैमसन ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर वापसी करते हुए 15 गेंद में 43 रन की आक्रामक पारी खेलकर सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मैच में छत्तीसगढ़ के खिलाफ केरल को आठ विकेट से जीत दिलाई। सैमसन ने अपनी पारी में पांच छक्के जड़े, जिससे केरल ने महज 10.4 ओवर में ही जीत के लिए मिले 121 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। छत्तीसगढ़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में महज 120 रन ही बना सकी। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व तेज गेंदबाज केएम आसिफ ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह को खाता खोले बिना चलता कर छत्तीसगढ़ को बड़ा झटका दिया।

## चंडीगढ़ ने महाराष्ट्र को हराया, वोहरा ने लगाया अर्धशतक

**कोलकाता।** सलामी बल्लेबाज मनन वोहरा की 48 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी की बदौलत चंडीगढ़ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप बी मैच में महाराष्ट्र को पांच विकेट से हरा दिया। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए महाराष्ट्र ने अर्शिन कुलकर्णी की 41 गेंद में 47 रन की पारी से 20 ओवर में सात विकेट पर 139 रन का स्कोर खड़ा किया। विक्की ओस्तवाल ने 28 जबकि निखिल नाईक ने 24 रन का योगदान दिया। चंडीगढ़ की ओर से संदीप शर्मा ने 18 रन पर दो विकेट चटकाए। जगजीत सिंह, निखिल शर्मा, राहुल सिंह और भागमेंदर लाठेर ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए चंडीगढ़ ने 6.2 ओवर में 43 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन वोहरा ने पारी को संभाला, जिससे टीम ने दो गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 142 रन बनाकर जीत दर्ज की। वोहरा ने 48 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के मारे।

# रसेल ने आईपीएल से लिया संन्यास अब केकेआर में निभाएंगे बड़ी जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

आक्रामक हरफनमौला आंद्रे रसेल ने 16 दिसंबर को होने वाली मिनी नीलामी से पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास की घोषणा के साथ बताया कि वह तीन बार की विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स(केकेआर) के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। सैंतीस साल के रसेल आईपीएल 2014 से केकेआर टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। वह 2026 सत्र से पहले 'पावर कोच' के रूप में टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। आईपीएल के आगामी सत्र के लिए अबू धाबी में नीलामी होगी। रसेल ने 'एक्स' पर लिखा, 'आईपीएल से संन्यास ले रहा हूं... लेकिन मेरा आक्रामक अंदाज वैसा ही रहेगा। आईपीएल में पिछले 12 साल का सफर शानदार रहा। केकेआर परिवार को ढेर सारा प्यार।'' उन्होंने कहा, 'सबसे अच्छी बात यह है कि मैं दुनिया भर की अन्य लीग में छक्के जड़ता और विकेट लेता रहूंगा। मैं अपना घर (केकेआर) नहीं छोड़ रहा हूं और आप मुझे एक नई भूमिका में केकेआर के सपोर्ट स्टाफ में 2026 के पावर कोच के रूप में देखेंगे। नया अध्याय। वही ऊर्जा। हमेशा के लिए 'नाइट'।




### मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूं

रसेल ने कहा, ' मैंने आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अभी भी दुनिया भर की विभिन्न लीगों और केकेआर की अन्य सभी फ्रेंचाइजी के लिए सक्रिय रूप से खेलता रहूंगा। मैंने (आईपीएल में) कुछ शानदार पल और बेहतरीन यादें साझा कीं, छक्के जड़े, मैच जीते, एमवीपी हासिल किए।' उन्होंने कहा, ' जब मैंने यह फैसला लिया, तो मुझे लगा कि इस समय यह सबसे अच्छा फैसला था। मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूं कि प्रशंसक संन्यास क्यों नहीं ले रहे कि जगह संन्यास अभी क्यों ले रहे जैसे सवाल पूछे। ' उन्होंने कहा, 'जब आप सोशल मीडिया पर होते हैं, तो आप खुद को अलग-अलग टीमों की जर्सी में फोटोशॉप की हुई तस्वीरों में देखते रहते हैं। मुझे खुद को बैंगनी और सुनहरे रंग (केकेआर की जर्सी) के अलावा किसी और रंग में देखकर अजीब लगता था और ये विचार मेरे दिमाग में घूमते रहते थे, जिससे मैं कुछ रातों तक सो नहीं पाया।'

# निरुपमा को हराकर सान्या ने जीता स्क्वाश टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| मुंबई

दो बार की पूर्व जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन 15वीं वरीय सान्या वत्स ने चौथी वरीय हमवतन भारतीय निरुपमा दुबे को सीधे गेम में हराकर 11वें सुनील वर्मा स्मृति स्क्वाश टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। सान्या ने निरुपमा को 11-6, 11-9, 11-4 से हराया। दिल्ली की सान्या पहली बार चैलेंजर टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रही थी और अपना पहला पीएसए खिताब जीतने में सफल रहीं। पुरुषों के फाइनल में फ्रांस के दूसरे वरीय मासियो लेवी ने मिस्र के शीर्ष वरीय यासिन एल्शाफेई को सीधे गेम में 11-8, 11-8, 11-4 से हराकर खिताब जीता।

## बेल्जियम ने भारत को 1-0 से हराकर अजलन शाह हॉकी का खिताब जीता

**कुआलालंपुर।** बेल्जियम ने रविवार को यहां रोमांचक फाइनल में भारत को करीबी मुकाबले में 1-0 से हराकर सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। भारत को मैच के 34वें मिनट में थिब्यू स्टॉकब्रोक्स के गोल के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह बेल्जियम का पहला सुल्तान अजलन शाह खिताब है।

टीम सिर्फ दूसरी बार इस प्रतियोगिता में खेल रही थी। शनिवार को कनाडा के खिलाफ 14-3 की बड़ी जीत के बाद इस मैच में उतरा भारत दुर्भाग्य से तीन पेनल्टी कॉर्नर में से एक को भी गोल में नहीं बदला सका। जुगराज सिंह, अमित रोहिदास और संजय इस टूर्नामेंट के दौरान पेनल्टी कॉर्नर में अच्छा प्रदर्शन करेन में सफल रहे लेकिन फाइनल में बेल्जियम की रक्षा पंक्ति को छकाने में नाकाम रहे। लीग चरण में यूरोपियन टीम के खिलाफ 2-3 से हारने के बाद यह इस टूर्नामेंट में भारत की दूसरी हार थी।

# जूनियर हॉकी विश्व कपः स्पेन ने बेल्जियम को हराकर दर्ज की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी ▶▶| मदुरै



विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज स्पेन ने एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के पूल डी मैच में बेल्जियम को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल कर क्वार्टरफाइनल की ओर मजबूती से कदम बढ़ाए। स्पेन ने जुआन प्राडो (20वें मिनट) के मैदानी गोल और ब्रूनो अविला (32वें मिनट) के पेनल्टी कॉर्नर से किए गए गोल की बदौलत जीत दर्ज की। स्पेन ने इससे पहले शुक्रवार को अपने पहले मैच में मिस्र को 8-0 से शिकस्त दी थी। इस जीत से स्पेन छह अंक के साथ पूल डी में शीर्ष पर है। दुनिया की सातवें नंबर की टीम बेल्जियम दो मैच में तीन अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

### स्पेन की नामीबिया से भिड़ंत

*स्पेन अब मंगलवार को नामीबिया से भिड़ेगा जबकि बेल्जियम का मुकाबला इसी दिन मिस्र से होगा। पूल डी के एक अन्य मैच में नामीबिया ने मिस्र को 4-2 से हराया। नामीबिया के लिए लियाम ब्रूस (23वें मिनट), जेम्स डि जैगर (26वें मिनट) और जोश वान डर मर्वे (32वें मिनट) ने तीन मैदानी गोल किए जबकि जॉन पॉल ब्रिट्ज ने 60वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। मिस्र के लिए अब्देलरहमान कासेम (28वें मिनट) और मोहब हेगाब (53वें मिनट) ने गोल किए।*

## सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट

# त्रीसा-गायत्री ने 1 घंटे 16 मिनट में जापानी जोड़ी को हराया, खिताब रखा बरकरार



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

गत चैंपियन त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट में जापान की काहो ओसावा और माई तानाबे को तीन गेम में हराकर महिला युगल का खिताब बरकरार रखा। शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद आक्रामक खेल दिखाया और दुनिया की 35वें नंबर की जापानी जोड़ी को एक घंटे 16 मिनट तक चले रोमांचक फाइनल में 17-21, 21-13, 21-15 से शिकस्त दी। कंधे की चोट के बाद गायत्री के पांच महीने के ब्रेक से लौटने के बाद भारतीय जोड़ी सिर्फ अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रही थीं। फाइनल की शुरुआत 49 शॉट की शानदार रैली से हुई। दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, जिसके बाद ओसावा और तानाबे 6-3 से आगे हो गईं।

### त्रीसा ने लगाए तेज स्मैश, भारतीय जोड़ी ने की बराबरी

*त्रीसा ने कुछ तेज स्मैश लगाए, जिससे भारतीय जोड़ी बराबरी पर आ गई। फिर ओसावा की फोरहैंड गलती ने उन्हें 8-6 से आगे कर दिया। हालांकि जापानी जोड़ी ने फिर वापसी की और ब्रेक तक थोड़ी बढ़त बना ली। तानाबे के बैकहैंड क्रॉस कोर्ट रिटर्न से गायत्री हैरान हो गई, जिसके बाद भारतीय खिलाड़ी की एक और गलती ने जापानी टीम को पांच गेम प्वाइंट दिला दिए। त्रीसा और गायत्री ने दो प्वाइंट बचाए लेकिन तानाबे ने स्मैश मारकर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने लय हासिल कर ली और शानदार अंदाज में खेलते हुए 9-2 से बढ़त बना ली। हालांकि कुछ शॉट नेट में चले गए लेकिन ब्रेक तक भारतीयों की बढ़त 11-5 हो गई थी। त्रीसा और गायत्री ने रैलियों में दबदबा बनाए रखना जारी रखा, जिससे यह जोड़ी 17-9 से आगे हो गईं।*

# बार्सिलोना ने अल्वेस को हराया, ओल्मो ने दागे दो गोल

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना



राफिन्हा के शानदार खेल और दानी ओल्मो के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने ला लीगा में अलावेस पर 3-1 से जीत दर्ज की। राफिन्हा ने टीम के शुरुआती दो गोल में मददगार की भूमिका निभाई जबकि युवा लामिन यामन ने भी एक गोल करने के साथ एक गोल में मददगार की भूमिका निभाकर लय में वापसी के संकेत दिए। इस जीत से टीम को चैंपियंस लीग में पिछले सप्ताह चेल्सी से मिली 0-3 की हार से उबरने में मदद मिलेगी। पाब्लो इबानेज ने मैच के शुरुआती मिनट में ही गोलकर अल्वेज का खाता खोला लेकिन टीम की यह बढ़त महज आठ मिनट तक ही रही। 18 साल के यामल ने मैच के आठवें मिनट में बार्सिलोना को बराबरी दिला दी और फिर ओल्मो ने 26वें मिनट में गोल कर 2-1 से आगे कर दिया। ओल्मो ने मैच के स्टॉपेज समय (90+3 मिनट) ने गोल कर अल्वेस की वापसी की उम्मीद खत्म कर दी। लीग के अन्य मैचों में निको विलियम्स के गोल ने एथलेटिक बिलबाओ को लेवांटे पर 2-0 से जीत दिलाई जबकि ओसासुना ने दो गोल से पिछड़ने के बावजूद मेलोर्का को 2-2 से बराबर पर रोक दिया।

# इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी को दी शिकस्त, मेस्सी का ट्रॉफी खेलना पक्का

एजेंसी ▶▶| फोर्ट लाउडरडेल



इंटर मियामी ने न्यूयॉर्क सिटी एफसी को 5-1 से हराकर ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस का खिताब जीतने के साथ ही एमएलएस कप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की, जिससे दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी का एक और ट्रॉफी के लिए खेलना लगभग पक्का हो गया। इंटर मियामी की इस जीत में हालांकि मेस्सी के हमवतन और अर्जेंटीना टीम के उनके साथी खिलाड़ी तादेओ अलेंदे का सबसे बड़ा योगदान रहा, जिन्होंने गोल की हैट्रिक पूरी की। टीम के लिए जोर्डी अल्बा और सर्जियो बुस्केट्स ने भी एक-एक गोल किए। आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता मेस्सी के लिए यह मुकाबला कोई खास नहीं रहा लेकिन उन्होंने टीम की शुरुआती दो गोल में मददगार की भूमिका निभाई। यह क्लब और राष्ट्रीय टीम को मिलाकर मेस्सी के लिए 405 वां मदद थी, जो गोल में बदली। फुटबॉल के इतिहास में इसे सबसे अधिक सफल मदद मानी जाती है। इंटर मियामी की टीम एमएलएस कप फाइनल में सैन डिएगो या वैंकूवर के बीच होने वाले वेस्टर्न कांफ्रेंस के विजेता टीम की मेजबानी करेगी।

# चक्रवात तूफान दितवाह ने मचाई तबाही: तमिलनाडु में 3 लोगों की मौत जलमग्न हुई 57,000 हेक्टेयर खेती, मलबे में बदले 234 कच्चे मकान

## 149 जानवरों की जान गई वहीं बचाव दलों ने अपना काम शुरू कर दिया

एजेंसी ⏩ चेन्नई

चक्रवात तूफान दितवाह के चलते बारिश से जुड़ी घटनाओं में तमिलनाडु में तीन लोगों की मौत हो गई। तूतीकोरिन और तंजावुर में रविवार को दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मयिलादुथुराई में करंट लगने से 20 साल के युवक की जान चली गई। राज्य सरकार में मंत्री के रामचंद्रन ने बताया कि तटीय इलाकों में 234 झोपड़ियों/कच्चे घरों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा 149 जानवरों की मौत हो गई है। खेती के काम वाली करीब 57,000 हेक्टेयर जमीन पानी में डूब चुकी है। श्रीलंका में तबाही मचाने के बाद साइक्लोन दितवाह रविवार शाम को तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों से टकराया। मौसम विभाग ने कुड्डालोर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, विल्लुपुरम, चेंगलपट्टू समेत कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट पहले ही जारी कर दिया था।


जलमग्न हुआ तमिलनाडु का नागपट्टी इलाका, ड्रोन से लिया गया दृश्य

### 28 से ज्यादा टीमों को तैनात किया गया है

*एनडीआरएफ और एसडीआरएफ समेत 28 से ज्यादा डिजास्टर रिस्पॉन्स टीमों को तैनात किया गया है।इनके अलावा महाराष्ट्र और गुजरात के एनडीआरएफ बेस से 10 टीमें चेन्नई पहुंची हैं। तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण शनिवार को 54 उड़ानें रद्द कर दी गईं थीं। पुडुचेरी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने साइक्लोन के कारण छुट्टी घोषित कर सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं।*

### 3 राज्यों में निपटने की ये तैयारियां

**तमिलनाडु**

- 14 एनडीआरएफ टीमें तैनात हैं। पुणे और वडोदरा से 10 और टीमें चेन्नई भेजी गईं।
- रामेश्वरम-चेन्नई सेक्टर में 11 ट्रेनों का रूट बदला गया है।
- इंडिगो ने जाफना, तूतीकोरिन और तिरुचिरापल्ली आने-जाने वाली फ्लाइट कैंसिल कीं।

**पुडुचेरी**

- पुडुचेरी में साइक्लोन से निपटने के लिए 2 एनडीआरएफ टीम तैनात की गईं।
- सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने छुट्टी घोषित कर सभी परीक्षाएं स्थगित कर दीं।
- पुडुचेरी, कराईकल, माहे और यनम में सभी स्कूल और कॉलेज सोमवार तक बंद रहेंगे।

**आंध्र प्रदेश**

- 3 दिसंबर तक आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज बारिश होने का अनुमान है।

### श्रीलंका में रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी वायुसेना

चक्रवाती तूफान दितवाह ने श्रीलंका में भारी तबाही मचाई है। भारतीय वायुसेना 'ऑपरेशन सागर बंधु' के तहत श्रीलंका को मानवीय सहायता प्रदान कर रही है। सी-130जे परिवहन विमान और एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर को सहायता के कामों में तैनात किया गया है। सी-130जे परिवहन विमान एनडीआरएफ की टीम और उपकरण को लेकर पहुंचा। वहीं एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर राहत और बचाव के काम में तैनात है। इसके साथ श्रीलंका में फंसे भारतीयों को भी सुरक्षित लाया जा रहा है। एक गरुड़ कमांडो के ग्रुप को क्रॉस-कंट्री रूट से कोटमाले में हेलीपैड पर उतारा गया से 24 यात्रियों, जिनमें भारतीय, विदेशी नागरिक और श्रीलंकाई शामिल थे, को कोलंबो ले जाया गया। इसी तरह, तीन गंभीर रूप से घायल लोगों को तुरंत मेडिकल मदद के लिए हेलीकॉप्टर से कोलंबो ले जाया गया।


हेलिकॉप्टर से फंसे लोगों को निकाला

## खबर संक्षेप

### कैलिफोर्निया में गोलीबारी में चार की मौत, 10 घायल

**स्टॉकटन।** कैलिफोर्निया के स्टॉकटन शहर में एक बैंक्वेट हॉल में एक समारोह के दौरान हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सैन जोएकिन काउंटी के शेरिफ कार्यालय की प्रवक्ता हीदर ब्रेंट ने कहा कि पीड़ितों में बच्चे और वयस्क दोनों शामिल हैं और प्रारंभिक संकेतों के अनुसार यह लक्षित हमले का मामला हो सकता है। घायलों की स्थिति बताई।



### हांगकांग में आग लगने से मरने वालों की संख्या 146 हुई

**हांगकांग।** हांगकांग में सात ऊंची आवासीय इमारतों में लगी आग में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 146 हो गई, जबकि 150 लोगों का अब भी पता नहीं चल पाया है। तलाशी अभियान पांचवें दिन भी जारी है। हांगकांग के भ्रष्टाचार निरोधक निकाय ने बुधवार को आग लगने वाली इमारतों के नवीकरण कार्य से जुड़ी एक महिला सहित आठ लोगों को कथित रूप से ज्वलनशील और घटिया सामग्री का उपयोग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।



## पंजाब, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से किया गिरफ्तार

# इंटरनेशनल टेरर मॉड्यूल का पर्दाफाश, तीन लोग गिरफ्तार, आईएसआई से जुड़े हैं तार!

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान के कुख्यात गैंगस्टर शहजाद भट्टी गिरोह के तीन सदस्य को गिरफ्तार किया है। इन्हें पंजाब, मध्य प्रदेश और यूपी से गिरफ्तार किया गया है। शहजाद पहले पाकिस्तान का बड़ा गैंग्स्टर था लेकिन कई साल से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआईएस से जुड़कर उसने भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने लगा।

भारत विरोधी गतिविधि में लिप्त होने के कारण शहजाद भट्टी को भारतीय सुरक्षा एजेंसियां गैंग्स्टर आतंकी गठजोड़ मानती है। गिरफ्तार किए गए इन तीनों गैंग्स्टर विकास प्रजापति उर्फ बेटू (19 वर्ष) पुत्र मूल चंद निवासी मध्य प्रदेश के दतिया, हरगुनप्रीत सिंह उर्फ गुरकरनप्रीत (19 वर्ष) पुत्र सरदार गुरपेज सिंह निवासी पंजाब के फिरोजपुर और आसिफ उर्फ आरिश (22 वर्ष) पुत्र अलताफ शाह निवासी यूपी के बिजनौर जिले के रेहड़ थानाक्षेत्र के रूप में इनकी पहचान की गई है।

**दिल्ली पुलिस ने** आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए तीन को दबोचा

**पंजाब, उत्तर प्रदेश** और मध्य प्रदेश में युवाओं को भर्ती का शक


गिरफ्तार आरोपी

### नेटवर्क के लिए भर्ती का शक

*पुलिस को जांच में पता चला है कि ये मॉड्यूल पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में था। आरोपी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए आईएसआई से निर्देश लेते थे और दिल्ली-एनसीआर में विस्फोटक हमलों की प्लान कर रहे थे। पुलिस को शक है कि ये नेटवर्क पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में युवाओं को भर्ती कर रहा था। बता दें कि शहजाद भट्टी ने हाल ही में पंजाब में एक भाजपा नेता के घर के बाहर ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी ली थी। ये मॉड्यूल बिश्नोई गैंग और बब्बर खालसा इंटरनेशनल जैसे संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा था।*

### पाक ने सीमा से हटाए 72 आतंकी लांचपैड, 118 चौकियां भी हुईं ध्वस्त

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आइजी) शशांक आनंद ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने सीमा पार पाकिस्तान में भारी तबाही की। जम्मू संभाग में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटी पाकिस्तान की 118 अग्रिम चौकियों को बर्बाद किया। आपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने 72 से ज्यादा आतंकी लांचपैड दूरी वाले इलाकों में शिफ्ट कर दिए हैं। सियालकोट सेक्टर में तीन आतंकी लांचिंग पैड को नष्ट किया गया था, लेकिन अब भी करीब 12 लांचपैड सियालकोट और जफरवाल के डेप्थ एरिया से काम कर रहे हैं। इसी तरह सीमा से दूर दूसरे डेप्थ परिया में 60 लांचपैड काम कर रहे हैं। सेना आपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए पूरी से तैयार है। आइजी आनंद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



### अनमोल को टारगेट का प्लान

पुलिस को जांच में ये भी पता चला है कि शहजाब भट्टी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई की हत्या का प्लान था। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए इन तीन लोगों में से एक वह शख्स है जो अनमोल को टारगेट के प्लान में शामिल था। अब दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल इस इनपुट पर भी अपनी जांच कर रही है। वहीं, 27 अक्टूबर को अनमोल ने अपने वकील के जरिए कोर्ट में एप्लीकेशन लगाकर दावा किया था कि पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी से उसे जान का खतरा है।

## रायपुर में आयोजित हुआ अखिल भारतीय डीजीपी-आईजी सम्मेलन

# पीएम मोदी बोले- पुलिस के बारे में लोगों की सोच बदलने और पुलिसिंग को मजबूत करने की जरूरत



हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चल रहे 60वें अखिल भारतीय डीजीपी-आईजी सम्मेलन का अंतिम दिन है। कार्यक्रम में पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भी शिरकत की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ड्रग्स के गलत इस्तेमाल से निपटने के लिए सरकार का नजरिया जरूरी है, जिसमें कानून लागू करना, रिहैबिलिटेशन और कम्युनिटी लेवल पर दखल शामिल हो। पीएम मोदी ने आगे कहा कि पुलिस के बारे में लोगों की सोच बदलने की जरूरत है, खासकर युवाओं में। इसके लिए प्रोफेशनलिज़्म और सेंसिटिविटी को बढ़ाना होगा और शहरी और टूरिस्ट पुलिसिंग को मजबूत करना होगा। आखिरी दिन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट रायपुर में पुलिस डायरेक्टर जनरल/ इंस्पेक्टर जनरल के 60वें ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने बैन किए गए संगठनों की रेगुलर मॉनिटरिंग, लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज़्म से मुक्त इलाकों के पूरे डेवलपमेंट और कोस्टल सिक्योरिटी को मज़बूत करने के लिए नए मॉडल अपनाने की बात कही।

### खाली द्वीपों को जोड़ने के लिए नई स्ट्रेटेजी अपनाएं

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस फोर्स से कहा कि वे खाली द्वीपों को जोड़ने के लिए नई स्ट्रेटेजी अपनाएं, नैटग्रिड के तहत जुड़े डेटाबेस का अधिक असरदार इस्तेमाल करें और एक्शन लेने लायक इंटेलिजेंस बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करें। उन्होंने यूनिवर्सिटी और एकेडमिक इंस्टीट्यूशन को पुलिस जांच में फोरेंसिक के इस्तेमाल पर केस स्टडी करने के लिए बढ़ावा देने की भी अपील की, यह देखते हुए कि मजबूत फोरेंसिक एप्लीकेशन से क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में काफी सुधार होगा। कार्यक्रम में विजन 2047 की ओर पुलिसिंग के लॉन्ग-टर्म रोडमैप, काउंटर-टेररिज्म और काउंटर-रेडिकलाइजेशन में उभरते ट्रेंड, महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल, विदेश में मौजूद भारतीय भगोड़ों को वापस लाने की स्ट्रैटेजी और असरदार जांच और प्रॉसिक्यूशन पक्का करने के लिए फोरेंसिक क्षमताओं को मज़बूत करने पर चर्चा हुई।

## बम विस्फोटों से फिर दहला पाकिस्तान

# बलूचिस्तान में 24 घंटे में हुए सात धमाकों से दहशत में मुनीर की सेना, मुख्य लाइन उड़ाई

एजेंसी ⏩ कराची

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पिछले 24 घंटे में कम से कम सात धमाके हुए, जिनमें एक निर्माण कंपनी के दो सुरक्षा गार्ड घायल हो गए।संदिग्ध उग्रवादियों ने बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा और डेरा मुराद जमाली में हमले किए।

उग्रवादियों ने शनिवार को क्वेटा में एक पुलिस चौकी पर हाथगोले फेंके, जिसके बाद आईईडी से आतंकवाद विरोधी विभाग की एक गाड़ी के पास विस्फोट किया गया। इसके बाद शाम को तीन और विस्फोट हुए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आसिफ खान ने कहा कि विस्फोट लोहर कहरेज के पास हुआ, जो क्वेटा के बाहरी इलाके में स्थित है।


घटना स्थल का दृश्य

उन्होंने कहा कि इस विस्फोट के जरिये क्वेटा को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाली मुख्य लाइन उड़ा दी गई।

### धमाके के बाद मची अफरा तफरी, लोग भागते दिखे

इस घटना के बाद राजधानी में डर और अफरा-तफरी का माहौल हो गया, हालांकि किसी की मौत होने की खबर नहीं मिली है। एसएसपी खान ने बताया कि उग्रवादियों ने रेलवे ट्रैक पर आईईडी लगाए थे और जब ट्रेन क्वेटा स्टेशन पहुंचने वाली थी, तो विस्फोट हो गया। इस विस्फोट के कारण पटरी को नुकसान पहुंचा, जिसके कारण रेल सेवाएं निलंबित कर दी गईं।

## इजराइल के इतिहास में पहली घटना

# भ्रष्टाचार के मामले में घिरे पीएम नेतन्याहू ने राष्ट्रपति से मांगी माफी

एजेंसी ⏩ येरुशलम

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमे के बीच देश के राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग से माफी (पार्डन) की औपचारिक मांग कर दी है।



यह घटना इजरायल के इतिहास में पहली बार हुई है, जब कोई पदस्थ प्रधानमंत्री ने खुद के लिए माफी की अर्जी दी हो। रविवार को प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को माफी याचिका सौंप दी है। राष्ट्रपति कार्यालय ने इसे असाधारण अनुरोध करार देते हुए कहा कि इस याचिका के गंभीर और दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। नेतन्याहू पर तीन अलग-अलग मामलों में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के आरोप हैं। उन पर धनवान समर्थकों से राजनीतिक फायदे के बदले अनुचित लाभ देने का इल्ज़ाम है।

## काला सागर में फिर बढ़ा तनाव

# रूसी तेल टैंकरों पर यूक्रेन का हमला तुर्की बोला– हमारे हितों को खतरा

एजेंसी ⏩ कीव

तुर्की सरकार ने काला सागर में रूसी शैडो फ्लीट के दो तेल टैंकरों पर यूक्रेनी ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा की है। तुर्की विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ओंकू केसेली ने कहा कि केरोस और विराट नामक जहाजों पर हुए हमले तुर्की के विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंदर हुए थे।

इन हमलों से क्षेत्र में नौवहन सुरक्षा, मानव जीवन, संपत्ति और पर्यावरण को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। शनिवार देर रात सोशल मीडिया पर पोस्ट में केसेली ने लिखा कि तुर्की यूक्रेन युद्ध को काला सागर के पार फैलने से रोकने और अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए सभी संबंधित पक्षों से लगातार संपर्क और बातचीत कर रहा है। ओपनसैंक्शंस डेटाबेस (जो प्रतिबंधों से बचने वाले व्यक्तियों और संगठनों पर नजर रखता है) के अनुसार, ये दोनों जहाज़ उस शैडो फ्लीट का हिस्सा हैं।


आग का गोला बना टैंकर

### रूस की तरफ जा रहा था टैंकर तभी हमला

जिसका उपयोग 2022 में रूस के यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण के बाद लगाए गए पश्चिमी प्रतिबंधों को चकमा देने के लिए किया जा रहा है। तुर्की के समुद्री मामलों के महानिदेशालय ने बताया कि तुर्की तट से लगभग 28 समुद्री मील दूर नोवोरोसिस्क (रूस) की ओर जा रहा खाली केरोस टैंकर अचानक बाहरी आघात के कारण जल उठा।

## सैकड़ों लोग हुए लापता

# इंडोनेशिया में बाढ़ से भीषण तबाही, 300 से ज्यादा की मौत



एजेंसी ⏩ सुमात्रा

साउथ ईस्ट एशिया में कुदरत का कहर बरपा है। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर बाढ़ से 300 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। मूसलाधार बारिश ने यहां दशकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सैकड़ों लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। सुमात्रा के तीन प्रांतों से करीब 80 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। भूस्खलन के कारण कई मुख्य सड़कें पूरी तरह टूट गई हैं। बिजली और इंटरनेट सेवा ठप होने से संपर्क टूट गया है। बचाव दल हेलीकॉप्टर का सहारा ले रहे हैं। सैकड़ों लोग अभी भी बाढ़ के बीच फंसे हुए हैं।

## विदेश मंत्री का बड़ा बयान, कहा- दुनिया अनिश्चितता और भ्रम में पहुंच गई

# अमेरिका के अपने बदलते नियम और चीन की मनमानी चाल के मद्देनजर भारत अब चुप नहीं रहेगा: जयशंकर

### भारत अपनी क्षमता और 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करने में जुटा

एजेंसी ⏩ कोलकाता

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान शनिवार को वैश्विक हालात पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन दोनों ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के नियम अपने हिसाब से बदल दिए हैं, जिससे पूरी दुनिया अनिश्चितता और भ्रम की स्थिति में है।


विदेश मंत्री एस जयशंकर

जयशंकर के अनुसार अमेरिका अब देशों के साथ सीधे वन-टू-वन डील कर रहा है, जबकि चीन अपने बनाए नियमों को और सख्ती से लागू कर रहा है। इस माहौल में भारत चुप बैठने के बजाय अपनी राष्ट्रीय क्षमता बढ़ाने और कमजोरियों को कम करने पर फोकस कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले ऐसी सोच नहीं थी, लेकिन अब 'मेक इन इंडिया' भारत की प्राथमिक रणनीति बन चुकी है। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका लंबे समय से वैश्विक सिस्टम का नेतृत्व कर रहा था, लेकिन अब उसने अचानक अपने एंगेजमेंट के तरीके बदल दिए हैं।

### विदेश मंत्री ने चीन को लेकर कही ये बड़ी बात

*जयशंकर ने 'मेक इन इंडिया' को भारत की बदलती तस्वीर का आधार बताया। पिछले दस वर्षों में इस अभियान ने नए विज़न और बड़े लक्ष्य तय किए हैं। उन्होंने उद्योग जगत से अपील की कि वे केवल छोटे लाभ पर ध्यान न दें, बल्कि भारत की घरेलू सप्लाई चेन मजबूत करने और ग्लोबल मार्केट में अपनी जगह बनाने में साझेदारी करें। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' तभी पूरी तरह सफल होगा जब रिसर्च, डिजाइन और इनोवेशन भी भारत में ही किए जाएं। चीन पर निर्भर वैश्विक सप्लाई चेन को लेकर जयशंकर ने कहा कि दुनिया का लगभग एक-तिहाई उत्पादन चीन में होता है। इससे सप्लाई चेन की विश्वसनीयता को खतरा बढ़ता है। जलवायु संकट, युद्ध और ऊर्जा बाज़ार में उथल-पुथल ने जोखिम और बढ़ा दिए हैं।*

### बदलते हालातों पर की गई चर्चा

कई देश अब अपने लिए सुरक्षित विकल्प तलाश रहे हैं। अमेरिका और चीन दोनों से डील कर रहे हैं और साथ ही आपस में भी नए समझौते, खासकर फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स, कर रहे हैं। इन बदलते हालात में भारत की रणनीति पर बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि देश ऐसी नीतियों पर काम कर रहा है जो उसकी शक्ति और वैश्विक प्रभाव को बढ़ाएं। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और भारत अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियों को निभाने के लिए तैयार है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25